Daily
सच के हक में...
THE PHOTON NEWS
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi
विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं
Ranchi • Tuesday, 17 September 2024 • Year : 02 • Issue : 240 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : ₹3 • www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

अवकाश की सूचना

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 17 सितंबर को 'द फोटोन न्यूज' कार्यालय में अवकाश रहेगा। अखबार का अगला अंक 19 सितंबर को बाजार में आएगा। खबरों से अपडेट रहने के लिए देखते रहें– www.thephotonnews.com

शुभकामनाएं

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 'द फोटोन न्यूज' की ओर से पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं हॉकरों सहित सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

SHARE

संसेक्स	:	82,988.78
निफ्टी	:	25,383.75

SARAFA

सोना	:	7,500
चांदी	:	98.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

टैंकर और बस की टक्कर में आठ लोगों की मौत

SIROHI : उदयपुर–पालनपुर फोरलेन हाईवे (एनएच–27) पर पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र में कैंटल पुलिया के पास रविवार देर रात रॉन्ग साइड आ रही बस (तूफान गाड़ी) टैंकर से टकरा गई। हादसे में बस में सवार 8 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। तूफान गाड़ी में सवार सभी लोग उगनासार (उदयपुर) से सिरोही होते हुए पाली के नाकोड़ा मंदिर में मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। कैंटल पुलिया के पास तूफान गलत साइड में जाकर सामने से आ रहे टैंकर से टकरा गई। पिंडवाड़ा थाना अधिकारी, पिंडवाड़ा डीएसपी भंवरलाल चौधरी और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। बुरी तरह क्षतिग्रस्त गाड़ी से घायलों को निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। घायलों को पिंडवाड़ा सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें सिरोही जिला अस्पताल रेफर किया गया। सिरोही के एडिशनल एसपी प्रभु दयाल धानिया ने बताया कि तूफान गाड़ी रॉन्ग साइड में आ रही थी जो सामने से आ रहे टैंकर से टकरा गई। गाड़ी में 29 लोग सवार थे। इनमें से आठ की मौत हो गई। 16 लोग घायल हैं। पांच लोग सुरक्षित हैं। हादसे में सूरजमल (40), झाला और 6 अन्य की मौत हो गई।

भारत ने वियतनाम को दी 1 मिलियन डॉलर की मदद

NEW DELHI : भारत ने तूफान यागी के चलते आई बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित वियतनाम की मदद के लिए 1 मिलियन डॉलर(लगभग 8.4 करोड़ रुपए) की राहत सामग्री भेजी है। भारत ने इसे ऑपरेशन सद्भाव नाम दिया है। इस ऑपरेशन के तहत भारत ने वॉटर फिल्टर, पानी के कंटेनर, कंबल, रसोई के बर्तन और सोलर लालटेन जैसी कुल 35 टन की राहत सामग्री भेजी है। इस सामग्री को रविवार रात वायुसेना के 317 विमान से भेजा गया है। यागी से वियतनाम में हुए नुकसान के बाद प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर ने वियतानाम के लोगों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की थी। वियतनाम के अलावा भारत ने यागी से प्रभावित म्यांमार और लाओस को भी राहत सामग्री भेजी है। विदेश मंत्री जयशंकर ने इसकी जानकारी एक्स पर पोस्ट कर दी है। वियतनाम में तूफान यागी के चलते आई बाढ़ और भूस्खलन की वजह से 200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है।

पेज 05 पर पढ़ें पर संबंधित खबरें।

अमन के पैगाम के साथ मनाई गई ईद मिलादुन्नबी

सोमवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पैगंबर ईद मिलादुन्नबी का जन्म दिवस मनाया। पैगंबर साहब के जन्म दिवस पर जुलूस निकाल कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर रांची समेत पूरे झारखंड में भव्य जुलूस निकाला गया। मूसलाधार बारिश के बावजूद लोगों में जबरदस्त उत्साह नजर आया। हजारों की तादाद में लोग जुलूस में शामिल हुए। हाथों में इस्लामी झंडा लिए जुलूस में शामिल मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद मिलादुन्नबी के नाम के नारे लगाए। जुलूस में हर उम्र के लोग शामिल थे। कई लोग बारिश से बचने से लिए छाता लगाए जुलूस में शामिल थे। वहीं जुलूस में वाहन भी शामिल थे। वाहनों के ऊपर बैठे लोग माइकिंग कर रहे थे। बताया गया कि पैगंबर साहब ने पूरी दुनिया को अमन, चैन और शांति का पैगाम दिया था। उनका मानना था कि लोगों में सबसे बेहतर इंसान वही है, जो दूसरों को मदद करे।

जनहित याचिका पर हुई सुनवाई, अगली बहस 18 को

स्कूल बसों में होनी चाहिए महिला शिक्षक या वार्डन, बच्चों की सुरक्षा जरूरी : हाईकोर्ट

- गृह सचिव, नगर विकास विभाग के सचिव, महिला बाल विकास सचिव, रांची के डीसी, नगर निगम के आयुक्त और रांची एसएसपी को कोर्ट में उपस्थित होने का दिया निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए कहा है कि सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्कूल बसों और वैनों में एक महिला शिक्षक तब तक उपस्थित रहे, जब तक कि अंतिम बच्चा सुरक्षित अपने घर नहीं पहुंच जाता। दरअसल झारखंड के अलग अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराधों पर रोक के लिए हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता भारती कौशल ने एक जनहित याचिका दायर की थी, जिसपर हाईकोर्ट ने पिछले दिनों सुनवाई की थी। अदालत ने महिलाओ एवं छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की थी। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ अब 18 सितंबर को इस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगी।

50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवा

थमने का नाम नहीं ले रही वर्षा तेज हवाओं का भी कहर, अलर्ट

- बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण बरस रहा जोरदार पानी
- नदियों, तालाबों और डैमों का जलस्तर बढ़ा, कई इलाकों में पुल पर बह रहा पानी
- लगातार बरसात से जन जीवन अस्त-व्यस्त, बाहर निकलना हो रहा मुश्किल

PHOTON NEWS RANCHI : दो दिनों से झारखंड में मौसम का मूड यूं विकराल हो गया कि बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार से शुरू हुई बारिश सोमवार को लगातार जारी रही। विश्वकर्मा पूजा के दिन यानी मंगलवार को भी भारी बारिश की संभावना मौसम विभाग की ओर से जताई गई है। तेज हवाओं का कहर भी लोगों को परेशान कर रहा है। मंगलवार के लिए मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी कर तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण रविवार से ही कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। सोमवार को भी लोगों को बारिश से राहत नहीं मिली। लगातार हो रही बारिश के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम केंद्र ने पलामू प्रमंडल में रेड अलर्ट जारी कर भारी बारिश से बचने की सलाह दी है। सोमवार को सुबह से ही तेज हवा के साथ बारिश होती रही। हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे चल रही है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने पलामू, गढ़वा, लातेहार और सिमडेगा में रेड अलर्ट जारी कर भारी बारिश की चेतावनी दी है। इस दौरान तेज हवाएं भी चलेंगी। लगातार हो रही बारिश से सभी नदी और तालाब लबालब हो गए हैं। कई इलाकों में पुल पर पानी बह रहा है। कई इलाकों में भारी जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई है। मौसम केंद्र ने चतरा, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। लगातार हो रही बारिश से कई इलाकों में बिजली व्यवस्था भी बाधित हो गई है।

लातेहार में सुग्गा फॉल का दिख रहा विकराल रूप

रांची समेत इन जिलों के लिए येलो अलर्ट

रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद में मंगलवार को भारी बारिश होगी। मौसम केंद्र ने इन जिलों में येलो अलर्ट जारी कर लोगों को सावधान रहने को कहा है। इस दौरान इन इलाकों में 7–11 सेमी बारिश होने की संभावना है।

पलामू में भी नदियां उफान पर

पलामू में लगातार भारी बारिश से जिले के कई क्षेत्रों की नदियां उफान पर हैं, पांडू के बांकी नदी उफान पर है, जिससे बेलहरा गांव के कई घर पानी में डूबे पड़े हैं। गुमटी,किराना दुकान, सैलून समेत कई चीजों के नदी में बह जाने की सूचना सामने आ रही है। स्वर्णरेखा और खरकई नदी भी उफान पर हैं। दोनों नदियों में जलस्तर काफी बढ़ गया है। नदियों के किनारे रहने वालों से सर्तक रहने की अपील की गई है। साथ ही नदी की ओर नहीं जाने का भी आग्रह किया गया है।



अब सामान्य से सिर्फ 6 प्रतिशत कम बारिश

पिछले दो दिनों में राज्य के लगभग सभी हिस्सों में हुई भारी बारिश से वर्षा की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है। कुछ दिन पहले तक राज्य में सामान्य से 15 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई थी, लेकिन सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अब यह कमी घटकर केवल 6 प्रतिशत रह गई है। धनबाद और रांची समेत कई जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है, जबकि पाकुड़ जिले में सामान्य से 50 प्रतिशत कम बारिश हुई है। चतरा, देवघर, गुमला, लोहरदगा और पश्चिमी सिंहभूम जैसे जिलों में भी कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक वर्षा चतरा जिले के टंडवा में 163 मिलीमीटर दर्ज की गई है। अन्य क्षेत्रों में लावालैंग में 145.4 मिमी, सिमरिया में 142 मिमी, मैथन में 140 मिमी, पुटकी में 112 मिमी, जमशेदपुर में 86.8 मिमी, कोडरमा में 85.2 मिमी, चाईबासा में 67 मिमी, हजारीबाग में 83 मिमी और रांची के कांके में 84.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

एक बच्चे की मौत

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण झारखंड के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। बारिश के कारण राज्य में जान–माल का नुकसान भी हुआ। पलामू में एक बच्चे की मौत हो गई है। लातेहार में पानी के बहाव में एक व्यक्ति बह गया।

गेतलसूद डैम की स्थिति

पिछले तीन दिनों से झारखंड में हो रही बारिश से डैम और नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। गेलसूद डैम में पानी का स्तर खतरे के निशान से सिर्फ पांच ईंच कम है। अधिक बारिश जारी रही तो डैम के फाटक खोले भी जा सकते हैं। पतरातू डैम के जलस्तर में भी वृद्धि हो गई है। रांची जिले में हमांडर के टांगरबसली पचपदा मुख्य पथ पर बिरगोड़ा नदी पर बनाया गया बांस का डायवर्सन तेज बारिश में बह गया।

तेनुघाट का बढ़ा जलस्तर

तेनुघाट डैम में भी जलस्तर काफी बढ़ गया है। डैम का जल स्तर बढ़ जाने के कारण डैम के छह फाटक खोल दिए गए हैं। जिसके कारण दामोदर नदी का भी जलस्तर काफी बढ़ गया है। कई क्षेत्रों में नदी का पानी भी घुस गया है। तेनुघाट डैम से दामोदर नदी में 12 हजार क्यूसेक पानी प्रति सेकेंड पानी छोड़ा जा रहा है। इसे लेकर नदी के किनारे रहने वालों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

भारत छठी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के फाइनल में पहुंचा

- चीन से होगा मुकाबला
- सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को 4–1 से हराया, कप्तान हरमनप्रीत ने किए 2 गोल
- मैच के पहले ही मिनट से कोरिया पर बनाया दबाव

AGENCY NEW DELHI : खेल के क्षेत्र में वाकई यह बड़ी उपलब्धि है कि भारत छठी बार एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गया है। सोमवार को दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने साउथ कोरिया को 4-1 से हरा दिया। मुकाबला चीन में हुलुनबुइर के मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेला गया। इस टूनामेंट में भारत की यह लगातार छठी जीत है। भारत के लिए सबसे ज्यादा 2 गोल कप्तान हरमनप्रीत ने किए। उनके अलावा उत्तम सिंह, जरमनप्रीत ने 1-1 गोल किया। साउथ कोरिया की तरफ से यंग जी हुन ने गोल किया। फील्ड गोल के लिए जरमनप्रीत को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत फाइनल में मंगलवार को मेजबान चीन से खेलेगा। यह मुकाबला भारतीय टाइमिंग के हिसाब से दोपहर 3:30 बजे से खेला जाएगा। चीन ने पाकिस्तान को पहले सेमीफाइनल के पेनल्टी शूट-आउट में 2-0 से हराया। मैच के पहले ही मिनट से भारत ने कोरिया पर दबाव बनाया। भारत ने कोरिया की डी पर एक के बाद एक कई मौके बनाए। क्वॉर्टर के 13वें मिनट में उत्तम सिंह ने गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। उन्होंने आरईजीत सिंह हुंदल के असिस्ट पर फील्ड गोल किया। इससे पहले, भारत ने चौथे और पांचवें मिनट में गोल के दो मौके गंवाए।

हाफ टाइम से पहले हरमनप्रीत का गोल

मैच के 19 वें मिनट में सरपंच साहब के नाम से मशहूर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने भारत को मिले पहले पेनल्टी कॉर्नर में गोल किया। अभिषेक के इंजेक्शन में हरमन ने सीधा शॉट लिया जो कोरियन डिफेंडर से डिफलेक्ट होकर गोल में चली गई। इसके बाद 27वें मिनट में भारतीय डिफेंडर जरमनप्रीत सिंह ने सुखजीत को एरियल पास दिया। जिस पर सुखजीत गोल नहीं कर पाए इस क्वॉर्टर के बाद भारत 2-0 से आगे था। तीसरे क्वॉटर के शुरूआत में भारतीय डिफेंडर ने बढ़त 3-0 कर दी। यहां जरमनप्रीत ने अकेले बॉल आगे लाते हुए डी के बाहर से फील्ड गोल किया। उन्होंने तेजी से शॉट गोल को तरफ मारा जिसे कोरियन गोलकीपर रोक नहीं पाए। मैच के 33वें मिनट में साउथ कोरिया ने वापसी की। कोरिया के ड्रैगफ्लिकर यंग जी हुन ने पेनल्टी कॉर्नर में शानदार गोल किया। इसके बाद हरमनप्रीत ने तीसरे क्वॉटर के 46वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में कन्वर्ट करके भारत को 4-1 से आगे कर दिया।

2029 तक देश में एकसाथ हो सकते हैं चुनाव, 6 महीने पहले रिपोर्ट सौंप चुकी कोविंद कमेटी

'वन नेशन, वन इलेक्शन' का प्लान मुकम्मल

AGENCY NEW DELHI : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस तीसरे कार्यकाल में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को लागू करने का प्लान मुकम्मल कर लिया गया है। बता दें कि सोमवार को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो गए हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा के घोषणा पत्र में भी इसका वादा किया गया था। ऐसे में वन नेशन–वन इलेक्शन को लेकर तैयारी पूरी होने की बात कही जा रही है। पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस की अपनी स्पीच में प्रधानमंत्री ने वन नेशन–वन इलेक्शन की वकालत की थी। उन्होंने कहा था कि बार–बार चुनाव देश की प्रगति में बाधा पैदा कर रहे हैं। वन नेशन, वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। यह 18,626 पन्नों की है। पैनल का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स–एक्सपट्र्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है।

तीसरे कार्यकाल के 100 दिन हो गए पूरे, लोकसभा चुनाव में भाजपा ने किया था वादा

कमेटी ने दिए हैं ये सुझाव

सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए। हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा।

मौजूदा संविधान के तहत यह संभव नहीं : चिदंबरम

सोमवार को कांग्रेस नेता पी.चिदंबरम ने 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा संविधान के तहत यह संभव नहीं है तथा इसके लिए कम से कम पांच संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता है। भाजपा नीत राजग सरकार द्वारा अपने मौजूदा कार्यकाल में 'एक देश, एक चुनाव' को लागू किए जाने की खबरों के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इन संवैधानिक संशोधनों को करने के लिए प्रधानमंत्री के पास न तो लोकसभा और न ही राज्यसभा में पर्याप्त संख्या है।

पूरे देश में एक साथ होंगे विस और लोस के चुनाव

भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग–अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही हुए थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं।

आज 4.30 बजे एलजी से मिलेंगे केजरीवाल

NEW DELHI : मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इस्तीफे की चर्चा के बीच सीएम केजरीवाल ने उप राज्यपाल से मंगलवार को मिलने का समय मांगा था। जिसपर एलजी कार्यालय की ओर से बताया गया कि उप राज्यपाल वीके सक्सेना और सीएम अरविंद केजरीवाल के बीच मंगलवार शाम 4.30 बजे एलजी सचिवालय में बैठक होगी। दिल्ली का नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए सोमवार शाम को आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक सहित कई बैठकें होने की संभावना है। आप नेताओं ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया मुख्यमंत्री पद के संभावित नामों पर केजरीवाल के साथ चर्चा के लिए उनके आधिकारिक आवास पर पहुंचे।

'गिफ्ट' सिटी तक खुद भी किया सफर

मेट्रो ट्रेन को पीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

AGENCY AHMEDABAD : सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद और गांधीनगर को जोड़ने वाले मेट्रो रेल विस्तार के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। मोदी ने हरी झंडी दिखाकर नए मार्ग पर मेट्रो ट्रेन सेवा की शुरूआत की और गांधीनगर के सेक्टर एक स्टेशन से 'गिफ्ट' (जीआईएफटी) सिटी तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मेट्रो ट्रेन में सफर के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ रहे। यात्रा के वक्त मोदी ने मेट्रो ट्रेन में उपस्थित छात्रों और अन्य यात्रियों से बातचीत की।

वंदे मेट्रो का नाम अब नमो भारत रैपिड रेल

सोमवार को रेल मंत्रालय ने नवनिर्मित वातानुकूलित वंदे मेट्रो ट्रेन का नाम बदलकर नमो भारत रैपिड रेल करने का निर्णय किया है। रेल मंत्रालय ने मेट्रो ट्रेन का नाम बदलने की सूचना जारी कर दी है। नमो भारत रैपिड रेल छोटी एवं मध्यम दूरी की यात्रा को न्यूनतम समय में पूरा करेगी, जबकि अन्य मेट्रो केवल छोटी दूरी तय करती हैं। नमो भारत रैपिड रेल शहरों को शहरों से जोड़ेंगी।

THE PHOTON NEWS
02 www.thephotonnews.com
Tuesday, 17 September 2024

कला-साहित्य

खूबसूरत और रोमांटिक डेस्टिनेशन : पांडिचेरी

घुमक्कड़ की पाती

मेरे भी मन में पांडिचेरी के फ्रेंच क्वार्टर देखने की लालसा थी, जिन्हें लोग व्हाइट टाउन के नाम से जानते हैं। इस जगह की सड़कें, औपनिवेशिक घर, इनकी दीवारें, बोगनविलिया से सुसज्जित गेट देखने की उत्सुकता रही है। इस जगह का खानपान और कैफे एक अलग और खूबसूरत कहानी सुनाता जान पड़ता है। पांडिचेरी में सर्फिंग और स्कूबा डाइविंग भी खूब होती है। यह जगह अपने समुद्र तटों के लिए जितना प्रसिद्ध है, उतना ही अरबिंदो आश्रम जैसी अनोखी जगह के लिए भी जाना जाता है। इसलिए हम दिल्ली से सीधे पांडिचेरी के लिए निकल पड़े। हम देर रात पहुंचे थे, पर बहुत ही आसानी से होटल मिल गया। हम रात भर आराम से सोए और अपनी यात्रा के पहले दिन श्री अरबिंदो आश्रम देखने के लिए निकल पड़े। श्री अरबिंदो आश्रम पांडिचेरी की सबसे प्रमुख और लोकप्रिय जगहों में आती है। इस जगह की स्थापना अरबिंदो घोष ने की थी, जो वर्तमान में ध्यान और अध्यात्म के लिए जाना जाता है।

पांडिचेरी जिसे कुछ लोग पुडुचेरी या पुदुचेरी के नाम से भी सम्बोधित करते हैं। हमारे देश का एक बहुत ही खूबसूरत और प्रमुख हिल स्टेशन है, जहां देश-दुनिया से सैलानी घूमने और इस जगह को देखने के लिए आते हैं। आपको बता दूं कि यह कभी फ्रांसीसी उपनिवेश हुआ करता था, जो वर्तमान में पारंपरिक भारतीय संवेदनाओं के साथ-साथ फ्रांसीसी वास्तुकला की झलक को एक साथ प्रस्तुत करता है। यह एक खूबसूरत और रोमांटिक डेस्टिनेशन का फील देता है, जिसकी वजह से लोग इस जगह पर आते हैं और समुद्री किनारों के बीच में कहीं खो जाते हैं। इस जगह का अपना अलग आकर्षण है, जो मुझे भी अक्सर प्रभावित करता रहा है। मेरे भी मन में पांडिचेरी के फ्रेंच क्वार्टर देखने की लालसा थी, जिन्हें लोग व्हाइट टाउन के नाम से जानते हैं। इस जगह की सड़कें, औपनिवेशिक घर, इनकी दीवारें, बोगनविलिया से सुसज्जित गेट देखने की उत्सुकता रही है। इस जगह का खानपान और कैफे एक अलग और खूबसूरत कहानी सुनाता जान पड़ता है। पांडिचेरी में सर्फिंग और स्कूबा डाइविंग भी खूब होती है। यह जगह अपने समुद्र तटों के लिए जितना प्रसिद्ध है, उतना ही अरबिंदो आश्रम जैसी अनोखी जगह के लिए भी जाना जाता है। इसलिए हम दिल्ली से सीधे पांडिचेरी के लिए निकल पड़े। हम देर रात पहुंचे थे, पर बहुत ही आसानी से होटल मिल गया। हम रात भर आराम से सोए और अपनी यात्रा के पहले दिन श्री अरबिंदो आश्रम देखने के लिए निकल पड़े। श्री अरबिंदो आश्रम पांडिचेरी की सबसे प्रमुख और लोकप्रिय जगहों में आती है। इस जगह की स्थापना

संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

अरबिंदो घोष ने की थी, जो वर्तमान में ध्यान और अध्यात्म के लिए जाना जाता है। कहा जाता है कि यह आध्यात्मिक अनुभवों को प्राप्त करने की एक बहुत ही प्यारी और उपयुक्त जगह है। यह जगह मुझे बहुत ही अच्छी लगी। इस जगह पर लोग मोक्ष प्राप्ति की इच्छा के साथ रहने के लिए आते हैं। इस जगह पर आकर आप शांति के साथ रह सकते हैं। इस जगह के ध्यान से प्राप्त आध्यात्मिक अनुभव को ले सकते हैं। श्री अरबिंदो आश्रम की शांति आपको सुकून देगी।

अरबिंदो आश्रम देखने योग्य

श्री अरबिंदो आश्रम देखने के बाद समुद्र तटीय सैरगाह का ख़्याल आया और हम समुद्र तटीय सैरगाह देखने के लिए निकल गए। यह पांडिचेरी के सबसे खास और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। यह जितना खूबसूरत है, उतना ही विविधतापूर्ण। इस जगह पर आकर आप इस खूबसूरत तटीय शहर की उन फ्रांसीसी जड़ों को एक्सप्लोर कर सकते हैं, जिसकी छाप अभी भी इस जगह पर दिखाई देती है। तकरीबन डेढ़ किलोमीटर तक फैले इस समुद्र तटीय सैरगाह पर आपको कई घूमने लायक स्थल मिल जाते हैं। इस जगह पर जॉन ऑफ आर्क और महात्मा गांधी की मूर्ति के साथ-साथ पुराना हेरिटेज हॉल भी देखा जा सकता है।

बॉटनिकल गार्डेन में दिखेगी फ्रांसीसी वास्तुकला

इसके बाद हम बॉटनिकल गार्डेन देखने के लिए गए। पांडिचेरी का बॉटनिकल गार्डेन देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में आता है। इस जगह को एक बहुत ही आकर्षक फ्रांसीसी उद्यान की तरह विकसित किया गया है। यह देश ही नहीं, विदेशी सैलानियों के लिए भी एक शांतिपूर्ण और आरामदायक जगह है। इस जगह पर आकर लोग बैठ अथवा आराम कर सकते हैं। मुख्य गेट पर राजसी फ्रांसीसी वास्तुकला की बहुत ही खूबसूरत झलक देखने को मिलती है। इस गार्डेन में हजारों प्रकार के पौधे लगे हैं। इन सभी पौधों को अलग अलग खंडों में विभाजित किया गया है। इस जगह पर आकर आपको कई विशाल पेड़ और प्रागैतिहासिक काल की वनस्पतियां देखने को मिल सकती हैं।

एक बार जरूर लें चुन्नमबार बोटहाउस का आनंद

हम वापस लौटने को थे, तभी किसी ने चुन्नमबार बोटहाउस देखने का सुझाव दिया। चुन्नमबार बोट हाउस पांडिचेरी के सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत पर्यटन स्थलों में गिना जाता है। इसलिए हमने सोचा कि इसे भी देखते हैं। इस जगह को दक्षिणी भारत के उष्णकटिबंधीय रत्न के तौर पर जाना जाता है। इस जगह पर आकर आप एक बहुत ही खूबसूरत हाउसबोट का अनुभव ले सकते हैं। यह एक तरफ से विदेशी जलधारा से घिरा होने के नाते काफी सुंदर दृश्य उत्पन्न करता है। इस जगह पर आकर आप अपना पूरा दिन नौकायन करते हुए बिता सकते हैं। इस जगह पर आकर आप धूप सेंक सकते हैं, समुद्री किनारों की सैर कर सकते हैं, वॉटर स्पोर्ट्स का मजा ले सकते हैं।

फ्रांसीसी शासक का स्मारक भी दर्शनीय

कुछ ही दूरी पर डुप्लेक्स की मूर्ति पड़ती है। यह भी पांडिचेरी के सबसे खास और लोकप्रिय स्थलों में आती है। यह प्रोमेनेड समुद्र के तट पर स्थित जोसेफ फ्रेंकोइस डुप्लेक्स का स्मारक है, जो फ्रांसीसी शासक हुआ करता था। यह स्मारक 150 वर्ष से भी कहीं ज्यादा पुराना है। बताया जाता है कि डुप्लेक्स के नेक काम को देखते हुए फ्रांसीसियों ने 1870 के आसपास उसकी दो मूर्तियां बनवायीं, जिनमें से एक को फ्रांस और दूसरे को भारत के पुदुचेरी में स्थापित किया गया। वर्तमान में यह एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। इस जगह को काफी लोग देखने के लिए आते हैं। हमें भी यह काफी अच्छी लगी, पर थकान भी बढ़ गई थी, इसलिए होटल लौट आए।

वेश्या के नाम पर बना पार्क

हमारे दूसरे दिन की शुरूआत आई मंडपम देखने से हुई, जिसे पार्क स्मारक के तौर पर भी जाना जाता है। यह पांडिचेरी की लोकप्रिय जगहों में गिना जाता है। भारती पार्क के बीचों-बीच खड़ी इस इमारत का निर्माण नेपोलियन-क्क्क के समय हुआ था, जो फ्रांस का सम्राट था। बताया जाता है कि यह स्मारक आई नाम से लोकप्रिय वेश्या की स्मृति में बनाया गया था। आई कहने को तो एक वेश्या थी, लेकिन जब शहर में पानी को लेकर तबाही मची, तो जल भंडार बनाने की खातिर अपने घर को ही ध्वस्त कर दिया था। यह इमारत बहुत ही सुंदर है और ग्रीको-रोमन वास्तुकला शैली में बनाई गई है। इस जगह की सज सजावट भी बहुत ही अच्छी तरह से की गई है। इस जगह पर आपको कई खूबसूरत और भव्य फव्वारे देखने को मिल जाएंगे।

मन मोह लेगा पैराडाइज बीच

हमारे तीसरे और आखिरी दिन की शुरूआत पैराडाइज बीच की सैर से हुई। यह बीच पांडिचेरी शहर के बिल्कुल नजदीक चुन्नमबार में स्थित है, जो अपनी खूबसूरती और अलग आकर्षण के लिए जाना जाता है। पैराडाइज बीच की सुनहरी रेत इस जगह पर आने वाले सैलानियों का मन मोह लेती है। वह इस छोटे और एकांत समुद्र तट को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। इस जगह पर जाने के लिए आप बैकवाटर पर नौका ले सकते हैं। समुद्र तट के प्रवेशद्वार पर आप ताजा नारियल पानी पी सकते हैं। इस जगह पर आपको खाने-पीने की भी कुछ चीजें मिल जाती हैं।

सफेद-नीला चर्च

फिर हम बेदाग कॉन्सेप्शन कैथेड्रल देखने के लिए गए। बेदाग कॉन्सेप्शन कैथेड्रल पांडिचेरी की एक लोकप्रिय जगह है। यह 300 साल पुराना चर्च अपने सफेद और नीले रंग की वजह से काफी खूबसूरत दिखाई देता है। इस जगह को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। समय के साथ इस जगह की प्रासंगिकता बढ़ी है। हालाँकि यह चर्च नवीकरण और जीर्णोद्धार की तमाम तरह की प्रक्रिया से गुजर चुका है। बताया जाता है कि पिछले 350 वर्षों में इसे तीन बार ध्वस्त और निर्मित किया गया है।

ऑरोविले का अनूठा टाउनशिप

इतना कुछ घूमने के बाद भी एक बहुत ही महत्वपूर्ण जगह बची हुई थी, जिसे हम सब ऑरोविले के नाम से जानते हैं। यह एक प्रायोगिक टाउनशिप है। इस जगह की स्थापना फ्रांसीसी-भारतीय आध्यात्मिक गुरु मीरा अल्फासा ने 1968 में की थी। 'मीरा अल्फासा' को 'द मदर' या 'श्रीमां' के नाम से जाना जाता है। इस टाउनशिप को रोजर एंगर ने डिजाइन किया है, जो एक आर्किटेक्ट थे। वर्तमान में यह एक बहुत ही सुंदर और लोकप्रिय पर्यटन स्थल के तौर पर जाना जाता है। हमें भी यह जगह काफी शांत और प्रभावी लगी।

कविता

पद्मा मिश्रा
जमशेदपुर

'हिंदी हैं हम'

जब भाव भाषा की सहज करुणा जगेगी,
मां भारती के भाल की गरिमा बढ़ेगी,
देश का स्वाभिमान कविता बन ढलेगी
निज जननि-भाषा का सहज सम्मान होगा
तब कह सकेंगे गर्व से 'हिंदी' हैं हम।

हिंदी हमारी भारती का मान हो।
यही जब विश्व पट पर हमारी पहचान हो।
हम भावना के पंथ पर सर्जित करेंगे,
जय हिंद , हिंदी मातृ का अभिमान हो।
तब कह सकेंगे गर्व से हिंदी हैं हम।

तुलसी का मानस, कृष्ण की गीता यही है,
भारत का गौरव अवध की सीता यही है।
यह गांव की खुशबू, धरा का पर्व है।
हिंदी हमारी आत्मा का गर्व है।
गूंजेगी जग में आरती सी स्नेह का प्रतिदान बन।
तब कह सकेंगे गर्व से हिंदी हैं हम।

SCAN ME

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

■ कहानी

गड़ेरिया

जयनंदन
जमशेदपुर

शहर में बाबाओं की बाढ़ आ गयी थी। हर सप्ताह किसी न किसी कोने में बाबा हाजिर। विशाल पंडाल.... भव्य मंच.... पुष्पसज्जित नयनाभिराम राजसी सिंहासन.....बाबा विराजमान..... लंबी दाढ़ी, लंबे बाल या फिर पूरी तरह सफाचट, तन में गेरूआ चोंगा..... मुख मण्डल से प्रवचन रूपी प्रलाप....उसमें सामने बैठकर भींगते हुए भारी संख्या में श्रद्धांध श्रोता।

प्रायः सभी बाबाओं का ऐसा ही प्रारूप और मिलते-जुलते प्रवचन का एक ही निहितार्थ, चाहे वे सखानंद ताऊ हों, महात्मा ब्रह्मदेव हों, हरिप्रेम सुधाकर हों, कृतार्थ पुष्प हों, अनन्य भ्रमर हों, नरोत्तम प्रभु हों, अंत्योदय दादू हों या रामजप तीर्थ हों।

सोहाने को लगता कि यह पूरा शहर निराश और दुखी जनों का एक द्वीप है....सभी अपने जीवन से, अपने हालात से, अपने कर्म से, अपने भविष्य से निराश, भयभीत, ऊबे हुए और बेहद थके हुए।

वह सेठ पोमा ढनढनिया के किराना स्टोर में बेयरा का काम करता था। वह बी.कॉम. पास था। अपनी कामर्स डिग्री की विडम्बना पर उसे हंसी आती थी, जो इस्तेमाल हो रही थी चावल, दाल, आटा, चीनी, मसाला आदि तौलने में।

दुकान का मालिक पोमा उसका एक और इस्तेमाल करता था, अपने बूढे मां-बाप को प्रवचन स्थल तक छोड़ आने में। जहां कहीं भी प्रवचन हो, इन दोनों का वहां जाना सुनिश्चित रहता था। उसने लक्ष्य किया कि ज्यादातर श्रोताओं में वे शामिल हैं जो खाये, पीये, अघाये और अनाप-शनाप माल से लदे-फदे निठल्ले लोग हैं। जो डेली कमाने-खाने वाले गरीब-गुरबा छोटे लोग हैं, उनका इस प्रवचन सभा से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं। मतलब मुक्ति और भक्ति की तलब सिर्फ उन्हें थी जो कंठ तक भोग-विलास के चहबच्चे में डूबे हुए थे।

पोमा सेठ ने अपनी नजर के सामने गीता-सार टांग रखा था कि क्या लेकर आये हो, क्या लेकर जाओगे। मगर ग्राहक को उल्लू बना देने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देता था और कृपण इतना कि नौकरों की तनख्वाह दो रुपये भी बढ़ाने के लिए तैयार नहीं। उसने दुकान में ही गल्ला पेटी के ऊपर एक मंदिरनुमा आकृति लटकाकर उसमें एक बाबा 'तिलकराज कुंभ की प्रतिमा स्थापित कर रखी थी। यह कंट्रास्ट उसे बहुत उलझन में डाल देता था कि ज्यों-ज्यों तकनीक और विज्ञान चरम पर पहुंच रहा है, लोग उसी अनुपात में ढोंगी और कर्मकांडी बनते जा रहे हैं। सोहाने देखता था कि जब प्रवचन का कहीं कार्यक्रम नहीं होता तो पोमा सेठ के बूढ़े मां-बाप बाबाओं वाले किसी चैनल खोलकर सामने बैठ जाते। कभी-कभी चैनल देखते-देखते इनकी आँखें दुखने लगतीं तो वे रामचरित मानस और श्रीमद्भागवत गीता वाचने लगते। जब वे खुद से पढ़ने लायक नहीं रह गये तो सोहाने का एक और इस्तेमाल पोमा ने शुरू कर दिया। उसने कहा, 'अबे गड़ेरी, तूं तो पढ़ा-लिखा ग्रैजुएट है, जरा मां-बाउजी को कभी-कभी मानस और गीता सुना दिया कर, यार। पंडितों के बड़े नखरे होते हैं.... ढूंढने से जल्दी मिलते भी नहीं।'

पोमा उसे जब भी बुलाता था, सोहाने न बोलकर गड़ेरी ही बोलता था। शायद गड़ेरी बोलने से उसका मालिक का अहंकार जरा तुष्ट हो जाता होगा। ऐसे गड़ेरी कहे जाने से उसे आपत्ति नहीं थी, आपत्ति थी उसके बोलने के अंदाज से। सोहाने को पहले तो यह काम ठीक ही लगा कि चावल-दाल आदि तौलने जैसे अनपढ़-नीरस काम से तो अच्छा ही है कि गीता और रामायण पढ़ी जाये।

उसे क्या पता कि एक दिन ऐसा आयेगा कि यह काम भी उसे बेहद नीरस और बोरिंग लगने लगेगा। हुआ यों कि बूढ़ा-बूढ़ी का कभी भी मन कर जाता अखंड पाठ सुनने का। कभी वह सुबह से ही गीता पढ़ रहा है.....

कभी बारह बजे दिन से तलब हो गयी.... कभी रात में फरमान जारी हो गया। वह जागकर पढ़ रहा होता और वे आँखें बंद कर सामने बैठे होते। सोहाने को खीज होती कि इस उम्र में इन्हें नींद नहीं आती तो इसका तो खयाल होना चाहिए कि वह जवान है और उसकी आँखों में नींद की कोई कमी नहीं है। उसे इस बात से भी चिढ़ लगती कि आखिर एक ही चीज को बार-बार सुनने में इन्हें मजा क्या आता है! एक-एक ग्रंथ को वह पच्चीस-तीस बार तो पढ़ ही चुका होगा।

उसमें इस पुराण-वाचन से बढ़ती आजिजी के कारण यह विचार अंकुराने लगा था कि अब पोमा सेठ को आखिरी सलाम करके कहीं और चल देना चाहिए। जब माल ही तौलना है तो ऐसे कई सेठ और मिल जायेंगे। वह अपना झोला-झक्कड़ समेटकर फुट लेने का इरादा पुख्ता कर ही रहा था कि तभी एक दिन पोमा की कॉलेज में पढ़ रही बेटी दामिनी ने उसे मुस्कराते हुए अपने करीब बुला लिया। उसने देखा कि उसकी आँखों में सम्मोहन के कुछ डोरे कंपकंपा रहे हैं। वह बोली, 'सोहाने, कब से मैं तुम्हें यह कहना चाह रही थी कि तुम जब रामचरित मानस गाकर पढ़ते हो तो सुर और लय की मिठास सीधे दिल में उतर जाती है। तुम्हारे गाते हुए चेहरे पर एक ऐसी आभा उभर आती है जो तुम्हें और भी सुंदर बना देती है। सच सोहाने, तुम मुझे बहुत अच्छे लगने लगे हो।'

लगा कि उसे एक दुर्लभ खजाना मिल गया। वह समझ रहा था कि निरर्थक ही वह झख मार रहा है। अपना गला और ऊर्जा बर्बाद कर रहा है। मगर इस झख मारने का ऐसा पुरस्कार पाकर उसका तो पूरा हुलिया ही बदल गया।

उसने कहा, 'तुमने तो एक गरीब को अचानक ही बहुत अमीर बना दिया दामिनी। यह दौलत मेरे पास बनी रहे, यही कामना रहेगी।'

वह अब पाठ करने के लिए अपनी मरजी से सुर्खरू रहने लगा, पहले कन्नी काटने की फिराक में लगा रहता था।

पोमा उसे अपने बहुत सारे परिचितों और रिश्तेदारों के पास भी पाठ करने के लिए भेजने लगा। उसका मन भन्ना कर रह जाता। वह कैसे बताये कि उसकी दिलचस्पी सिर्फ इस घर तक ही सीमित है और वह भी इस वजह से कि उसे एक बहुत सुधी श्रोता मिल गयी है। अन्यत्र जाने में उसकी आनाकानी देखकर पोमा ने एकबार उसे जोर से झिड़क दिया।

'अबे गड़ेरी, शुक्र मना साले कि पंडितवाले काम में तेरी कायापलट डिमांड होने लगी है। तेरी तरक्की हो रही है और तू ना-नुकूर कर रहा है? तेरे बाप दादा भेड़ चराते थे, तूं तराजू में इस पलड़ा से उस पलड़ा करते हुए पंडित बन गया और क्या चाहिए? इतनी तेजी से तो सरकारी महकमों में सोर्स वाले को भी प्रोमोशन नहीं मिलता।'

सोहाने को समझ में नहीं आता कि पोमा जिसे तरक्की कह रहा है, क्या वाकई वह तरक्की है! भेड़ पालने और चराने को जिस हिकारत से यह संबोधित कर रहा है, क्या वह पेशेवर पुराण-वाचन से घटिया काम था? इसे मालूम नहीं कि एक गड़ेरिये ने ही चुंबक का आविष्कार किया था और प्रभु यीशु भी एक गड़ेरिया ही थे। प्रवचन करने वाला वह बाबा जो खुद को तत्त्ववेता और ज्ञान मर्मज्ञ कहता है, वस्तुतः एक गड़ेरिया ही है, जिसके पीछे हजारों दोपाया भेड़ें मेंमें करती चली जा रही हैं... उठ तो उठ.... बैठ तो बैठ.... चल तो चल....।

एक दिन पोमा ने उसे दामिनी के साथ काफी घुल-मिलकर बातें करते हुए देख लिया और मामले की गहराई को भांप लिया। उसे किनारे ले जाकर एक कड़ी चेतावनी थमा दी, 'आइंदा अगर तुम्हें दामिनी के साथ बात करते देखा तो उसी दिन यहां से चलता कर दूँगा। तूं साला एक मामूली गड़ेरिया....गीता और मानस पढ़ लेता है तो क्या समझता है तूं हमारी बराबरी का हो गया? खबरदार....तुझ पर अब मेरी कड़ी नजर रहेगी।'

अपनी दीन-हीन हालत पर तड़प कर रह गया सोहाने। दामिनी ने उसकी उदासी को भांपते हुए कहा, 'इस तरह पस्त होने से दुनिया नहीं चलती सोहाने। बंद करो अब तुम तराजू-बटखरे का खेल और अपनी मेधा पहचानो। मुझे प्यार करते हो तो जाओ बन जाओ एक ऐसा गड़ेरिया, जिसके पीछे इसी तरह जमाना चल पड़े। तुम इसी तरह एक ऊंचे आसन पर बैठो और लोग तुम्हारी जय-जयकार करें।'

दामिनी ने जैसे उसकी चेतना को झकझोर कर रख दिया। वहां से वह सीधे स्टेशन की ओर कूच कर गया। कुछ बाबाओं के आश्रम में जाकर झाड़ू-पोछा करते और चिलम चढ़ाते हुए पाखंड दीक्षा प्राप्त कर ली। कुछ बरस बाद वह पोमा के शहर में बाबा अचूकानंद बनकर लौटा। प्रवचन आसन पर उसके बैठते ही उसके चरणवंदन करने के लिए दर्जनों लोग लाइन में खड़े हो गये। इन्हीं में सेठ पोमा ढनढनिया भी था। दामिनी ने उसे पहचान लिया और उसके पैरों में एक जोर की चिकोटी काट कर यह जता दिया कि अब वह सचमुच उससे बहुत खुश है।

BRIEF NEWS

रांची एसएसपी ने छह इंस्पेक्टरों का किया तबादला

RANCHI : रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने छह इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इससे संबंधित आदेश सोमवार को एसएसपी कार्यालय से जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार राम कुमार वर्मा को बुंडू थाना, विमल किंडो को धुर्वा, आलोक सिंह को अरगोड़ा, अनिल कुमार तिवारी को ओरमांझी और दिग्विजय सिंह को जगन्नाथपुर थाना प्रभारी बनाया गया है जबकि आनंद कुमार मिश्रा को पुलिस केन्द्र रांची में पदस्थापित किया गया है। सभी पुलिस पदाधिकारियों को आदेश दिया गया है कि अविलंब अपने नव पदस्थापन स्थल पर योगदान देकर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करेंगे।

चेस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगी एसबीयू

RANCHI : भारतीय विवि संघ (एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज) ने वर्ष 2024-25 के चेस मेन ईस्ट जोन टूर्नामेंट की मेजबानी सरला बिरला यूनिवर्सिटी (एसबीयू) रांची को सौंप जाने की घोषणा की है। इस आशय का पत्र वाईए एंड एस के संयुक्त सचिव डॉ. बलजीत सिंह सेखों ने एसबीयू के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक को प्रेषित किया है। प्रो. पाठक ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, प्रदीप वर्मा (सांसद), प्रभारी कुलपति प्रो. एस. बी. डांडीन ने विवि को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी मिलने पर हर्ष व्यक्त किया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का तीन दिनी संथाल दौरा 19 से

RANCHI : संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश तीन दिवसीय दौरे पर संथाल परगना में जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्षों वरीय नेताओं कार्यकताओं के साथ संवाद करेंगे। इस संबंध में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष 19 सितंबर को 3:00 बजे जामताड़ा, 20 सितंबर को 10:30 बजे दुमका, 3:30 बजे गोड्डा, 21 सितंबर को 11:00 साहिबगंज, 3:00 बजे पाकुड़ जिला के कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं के साथ संवाद करेंगे।

जमीन के लिए पैसा लेने वाले परवेज को देने होंगे 12 लाख वापस

RANCHI : रांची सिविल कोर्ट ने चेक बाउंस में सजायाफ्ता हिंदपीढ़ी निवासी परवेज आलम की सजा को बरकरार रखते हुए उसकी क्रिमिनल अपील खारिज कर दी है। सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने अपीलकर्ता के विरुद्ध दोष सिद्धि के निर्णय और सजा के आदेश की पुष्टि कर दी है। परवेज को न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडे की अदालत ने 5 जुलाई 2024 को चेक बाउंस के आरोप में दोषी करार देते हुए परवेज आलम को एक साल की सजा सुनाई थी और 12 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था।

रामगढ़ के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाई थी सजा

आरपीएफ के जवान को फांसी की सजा पर हाईकोर्ट का फैसला रिजर्व

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट में रामगढ़ जिले के बरकाकाना रेलवे कॉलोनी में घुसकर 17 अगस्त 2019 की रात परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या व दो लोगों को जख्मी करने मामले में फांसी की सजा पाए अभियुक्त पवन कुमार सिंह की सजा के खिलाफ क्रिमिनल अपील एवं राज्य सरकार द्वारा फांसी को कंफर्म करने वाली अपील की सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

सीआरपीएफ जवान पवन कुमार सिंह को रामगढ़ के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने 16 मार्च, 2023 को सजा सुनाई थी। अदालत ने पवन को धारा 302 के तहत फांसी की सजा सुनाई। इसके साथ धारा 307 में 10 साल कारावास और आर्म्स एक्ट में सात साल कारावास की सजा के साथ दोनों ही धाराओं में 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया। मामले में पूर्व डीएसपी संजीव कुमार बेसरा और मेदांता के चिकित्सक के अलावे सभी 16 की गवाही हुई थी। आरपीएफ जवान रहे पवन कुमार सिंह रोज रेल कर्मी अशोक राम के घर से दूध लेने आता था। 17 अगस्त, 2019 की रात 9:00 बजे वह अशोक राम के घर दूध लेने गया था। विवाद होने पर उसने अशोक राम समेत परिवार के पांच लोगों को गोली मार दी थी। गोली लगने से अशोक राम व उसकी पत्नी लीला देवी और उनकी गर्भवती पुत्री वर्षा देवी उर्फ मीना देवी की मौत हो गयी थी जबकि बेटी सुमन देवी तथा पुत्र संजय राम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना को अंजाम देने के बाद जवान आरपीएफ के बैरक में गया था। हत्या में इस्तेमाल की गयी सरकारी पिस्टल को वह बैरक में ही छोड़कर भाग गया था, पुलिस ने घटना में प्रयुक्त उसके हथियार को बरामद कर लिया था।

बार काउंसिल को मिली जगह, जल्द खुलेगा एक्सटेंशन ऑफिस

झारखंड हाईकोर्ट में स्टेट बार काउंसिल का एक्सटेंशन ऑफिस जल्द ही खुलेगा। स्टेट बार काउंसिल के एक्सटेंशन ऑफिस के लिए हाईकोर्ट ने जगह उपलब्ध करा दी है। हाईकोर्ट के दूसरे टाइपिस्ट ब्लॉक के ग्राउंड फ्लोर पर एक्सटेंशन ऑफिस के लिए जगह उपलब्ध कराया गया है। एक्सटेंशन ऑफिस खुलने से हाईकोर्ट के वकीलों को काउंसिल से जुड़े काम कराने में काफी सुविधा होगी। स्टेट बार काउंसिल के लिए जो जगह हाईकोर्ट ने दी है, उसके लिए कुछ शर्तें भी रखी गई है।

हाईकोर्ट हो या सिविल कोर्ट जज यह सुनिश्चित करें कि केस का जल्द से जल्द हो निपटारा : चीफ जस्टिस

झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने सोमवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान मौखिक कहा कि उन्होंने रांची सिविल कोर्ट का हाल के दिनों में एक आम व्यक्ति के रूप में जायजा लिया था। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव का जिक्र करते हुए हाई कोर्ट में उपस्थित वकीलों को बताया कि रांची सिविल कोर्ट में दोपहर 4.30 बजे तक लगभग सभी कोर्ट रूम खाली जाते हैं। रांची सिविल कोर्ट में चार-पांच जजगण ही उन्हें दोपहर 4.30 के बाद भी काम करते दिखे थे। निरीक्षण के दौरान रांची सिविल कोर्ट के एक कोर्ट रूम में उन्होंने कोर्ट की कार्यवाही की प्रक्रिया भी बैठकर देखी थी। सिविल कोर्ट में उस दिन वे बिना बॉडीगार्ड एवं बिना सूचना दिए गए थे ताकि रांची सिविल कोर्ट में कोर्ट की वास्तविक स्थिति देख सके। सिविल कोर्ट में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत कई अधिवक्ताओं ने भी उन्हें नहीं पहचाना था। एक्टिंग चीफ जस्टिस ने मौखिक कहा कि हाई कोर्ट एवं सिविल कोर्ट में सभी जजों को अपने निर्धारित समय पर जरूर बैठना चाहिए और त्वरित ढंग से केस का निष्पादन करना चाहिए।

पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को पलामू जेल में किया गया शिफ्ट

- जेल में बंद रहते कारोबारियों से लगातार मांग रहा था लेवी
- एनआइए ने 21 मई 2023 को दिल्ली से किया था अरेस्ट

PHOTON NEWS RANCHI : पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को रांची से पलामू जेल में शिफ्ट किये जाने की खबर है। सोमवार की सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिनेश गोप को जेल में शिफ्ट किया गया है। सूत्रों के अनुसार रांची जेल में बंद रहकर भी वह कारोबारियों से लेवी मांगने का काम कर रहा था। जिसके बाद जेल प्रशासन ने उसे दूसरे जेल में शिफ्ट करने का निर्णय लिया।

बता दें कि दिनेश गोप को एनआइए ने 21 मई 2023 को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। उसे ट्रांजिट रिमांड पर विमान से रांची लाया गया था दिनेश गोप के खिलाफ झारखंड, बिहार और ओडिशा में हत्या, अपहरण, धमकी, जबरन वसूली और पीएलएफआइ के लिए धन जुटाने से संबंधित 102 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। झारखंड पुलिस द्वारा दिनेश गोप पर 25 लाख और एनआइए की ओर से पांच लाख कुल 30 लाख इनाम घोषित था। एनआइए ने 22 मई 2023 को दिनेश गोप को कोर्ट में पेश किया था और 14 दिनों की रिमांड की मांग की थी। अदालत ने दिनेश गोप को आठ दिनों के रिमांड पर एनआइए को सौंपा था। पूछताछ के दौरान एनआइए ने दिनेश गोप की निशानदेही पर कई हथियार और गोलियां बरामद किये थे।

जेबीवीएनएल ने शुरू की बिजली बिल माफ करने की प्रक्रिया

RANCHI : कैबिनेट में पारित प्रस्ताव के बाद झारखंड बिजली वितरण निगम ने बिजली बिल माफ करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत जेबीवीएनएल ने योजना का प्रचार-प्रसार भी करना शुरू कर दिया है। निगम की मानें तो मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाल योजना के तहत उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ किया जा रहा है। इसके तहत उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ किया जायेगा। उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ उठाने के लिये किसी तरह का आवेदन नहीं भरना है। सिर्फ उपभोक्ताओं को अपने नजदीकी बिजली कार्यालय में जाकर संबंधित अधिकारी से मिल कर इसकी जानकारी देनी होगी। जेबीवीएनएल ने लोगों से अपील की है कि इस योजना का लाभ लेने के लिये लोगों को किसी भी दलाल के चक्कर या आवेदन भरने की जरूरत नहीं है। बिजली कार्यालय के माध्यम से लोग इसकी जानकारी ले सकते है।

नगर आयुक्त ने पंचशील नगर का किया निरीक्षण

जल-जमाव का निरीक्षण करते नगर आयुक्त संदीप सिंह। ●फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : लगातार हो रही भारी वर्षा से रांची नगर निगम के कई क्षेत्रों में जल-जमाव की स्थिति बन गई। जिसे लेकर आम नागरिकों ने नगर आयुक्त संदीप सिंह को वार्ड 33 में पंडरा रोड स्थित पंचशील नगर में जल-जमाव की समस्या से अवगत कराया गया। सोमवार को नगर आयुक्त ने पंचशील नगर में जल जमाव की स्थिति का निरीक्षण संबंधित टीम के साथ किया। नगर आयुक्त ने निगम के अभियताओं को भविष्य में उक्त क्षेत्र में जल-जमाव ना हो, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करना का निर्देश दिया। साथ ही शांति नगर एवं पंचशील नगर के कनेक्टिंग नालियों को साफ करते हुए पानी के बहाव के लिए रास्ता बनाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही स्वच्छता शाखा की टीम को लगातार नालियों की सफाई करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद नगर आयुक्त ने रांची नगर निगम की टीम को पूरे निगम क्षेत्र का भ्रमण कर, जहां कहीं भी जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न हुई हो, उसे त्वरित ठीक करने का निर्देश दिया। मौके पर नगर प्रबंधक, निगम के अभियंता, जोनल सुपरवाइजर, वॉर्ड सुपरवाइजर उपस्थित थे।

सुदेश महतो को लेकर वायरल हो रहा पोस्ट

RANCHI : आजसू सुप्रीमो और सिल्ली विधायक सुदेश महतो को उन्हीं के इलाके सिल्ली में घेरने की रणनीति चल रही है। जेबीकेएसएस से जुड़े राजू सिल्ली नामक युवक ने एक पोस्ट डाला है। जिसमें लिखा है कि 25 साल कम नहीं होते। सात सालों तक जल संसाधन विभाग मंत्रालय, फिर भी सिल्ली के किसानों को पलायन करना पड़ रहा है? राढ़ू डैम और जलाशयों का निर्माण नहीं होने के लिए कौन है जिम्मेदार? इस पोस्ट के साथ एक गाना भी चलाया जा रहा है, जिसके बोल हैं- दुनिया भर को धोखा देकर कोई नहीं बच पायेगा। इस पोस्ट को 1.2 हजार व्यूज मिल चुके हैं। जिस व्यक्ति ने यह पोस्ट किया है, उसका परिवार कभी आजसू से जुड़ा रहा था। उसके परिवार ने महिला आजसू में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभायी, लेकिन अब वह जेबीकेएसएस से जुड़ गया है।

झारखंड की सभ्यता व संस्कृति अनूठी : केशव

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो को सम्मानित करते प्राचार्य। ●फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को रांची के संत जेवियर महाविद्यालय में करमा सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने करमा आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड की सभ्यता और संस्कृति अनूठी और अतुलनीय है। समृद्ध परंपरा का पालन करने वाली यहां की संस्कृति में प्रकृति के प्रति प्रेम को नृत्य के द्वारा दर्शाना झारखंडी संस्कृति को जीवंत बनाता है। झारखंड में चलना बोलना सभी नृत्य को इंगित करते हैं। करमा का पर्व भाई-बहन और प्रकृति से प्रेम के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण यह पूरे देश के मानचित्र पर अव्वल है। इस दौरान बंधु तिर्की ने प्रोत्साहन राशि के रूप में एक लाख रुपये दिए। कार्यक्रम में इंटरमीडिएट कॉलेज के प्राचार्य अजय तिर्की सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

झारखंड में सत्ता परिवर्तन के साथ रोटी, माटी व बेटी बचाने का संकल्प : मरांडी

RANCHI : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में सत्ता परिवर्तन के साथ रोटी ,माटी और बेटी बचाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग पांच वर्षों से ठगबंधन सरकार ने झारखंड की स्वाभिमान, अस्मिता और पहचान को चोट पहुंचाया है। झारखंड के लोगो की पहचान ईमानदारी, सच्चाई और परिश्रम से है लेकिन हेमंत सरकार ने आज झारखंड को देश और दुनिया में बदनाम कर दिया है। झारखंड की पहचान लूट-खसोट, भ्रष्टाचार, नोटों के पहाड़ से हो गई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने केवल खान, खनिज, जमीन को नहीं लूटा, बल्कि केंद्र सरकार की नल जल योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी। यह सरकार बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की संरक्षक बन गई है। घुसपैठियों के कारण राज्य की डेमोग्राफी में अप्रत्याशित बदलाव आया है।

मंईयां योजना की हकीकत बताने घर-घर जाएंगी भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता

बैठक में शामिल भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य। ●फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपने महिला विंग को हेमंत सरकार के मंईयां योजना से पड़ने वाले प्रभाव को निष्प्रभाव बनाने की जिम्मेदारी दी है। सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश महिला मोर्चा की कार्यसमिति की बैठक हुई। जिसे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई ने संबोधित किया।

इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने महिलाओं को घर घर जाकर केन्द्र सरकार के द्वारा महिलाओं के लिए किए गए कार्यों और हेमंत सरकार के मंईयां योजना की अंदरूनी सच्चाई से अवगत कराने का आह्वान किया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि भाजपा की महिला बहनें घर घर जाकर राज्य में कमल खिलाने के लिए अपनी ताकत झोंकने का काम करेंगी। आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान करेंगी। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में महिलाओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सरकार को हटाकर सुशासन की सरकार लाने का संकल्प लिया। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि महिला बहनें घर घर जाएंगी और महिलाओं को प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है 5 साल में जितनी भी योजनाएं बनाई गयी हैं सभी की सभी में इस सरकार ने झूठ बोलने का काम किया है।

दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा, पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूं : संजय सेठ

RANCHI : रांची के डोरंडा के रविदास मोहल्ले के इंजीनियरिंग के छात्र अभिषेक रवि की ओड़िशा में मौत हो गई। पीड़ित परिवार से सोमवार को सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने डोरंडा रविदास मुहल्ला स्थित निवास पर जाकर मुलाकात की। मृतक अभिषेक रवि के पिता अनुपचंद राम ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि अभिषेक की मौत आईटीआर इंजीनियरिंग कॉलेज में सीढ़ी से गिरने हुई है। लेकिन मेरे बेटे की रैगिंग कर उसकी हत्या की गई है और कॉलेज प्रबंधन एवं पुलिस प्रशासन मिलिभगत से हत्या को दुर्घटना में बदलने की कोशिश में लगी हुई है। रक्षा राज्यमंत्री ने तत्काल भुनेश्वर में संपर्क कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

दो पक्षों में सिविल कोर्ट में चल रहा केस फिर भी जमीन पर होने लगा निर्माण कार्य

- टाटी सिलवे थाने में रैयत की शिकायत के बावजूद नहीं उठाया गया कोई कदम

PHOTON NEWS RANCHI : टाटी सिलवे क्षेत्र में खाता संख्या 187 प्लॉट संख्या 1147 को लेकर दो पक्षों के बीच सिविल कोर्ट रांची में टाइटल केस नंबर 601/2024 मुकदमा चल रहा है। आदर्श नगर में स्थित भूमि पर दो पक्षों के बीच विवाद है। रैयत एवं उनके वंशजों का कहना है कि फर्जी नीलाम पत्र बनाकर कुछ जमीन दलाल बेच रहे हैं। टाटी सिलवे थाना को जानकारी देने के बावजूद किसी तरह का सकारात्मक कदम नहीं उठाया है। उल्टे डरा-धमका कर जेल भेज देने की धमकी देता है। जमीन दलाल को साथ देने का काम पुलिस प्रशासन के लोग कर रहे हैं। रैयत बालक महतो का परिवार का कहना है, कुछ आदर्श नगर के जमीन दलाल आपराधिक छवि के लोगों को साथ में मिलकर अगवा करने की धमकी,मारपीट एवं भयादोहन करते हैं। थाना भी मौन रहता है ' पिछले कई महीने से टाटीसिल्वे थाना की गतिविधि संदिग्ध रही है ' वहीं कई महीनों से रांची रिकॉर्ड रूम में स्थित खतियानों एवं दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर भूमि का नेचर बदल दिया जा रहा है ' लगातार शिकायत करने के बाद भी किसी तरह का ठोस पहल नहीं हुआ है। अंचल कार्यालय के भी अधिकारी जानबूझकर दाखिल-खारिज कर विवाद को बढ़ावा देने का काम करते हैं।

जेएसएससी की वेबसाइट पर आज जारी कर दिए जाएंगे प्रवेश पत्र, अभ्यर्थी कर सकते हैं डाउनलोड

21 व 22 सितंबर को होगी सीजीएल परीक्षा, तैयारी पूरी

PHOTON NEWS RANCHI : विवादों के बीच एक बार फिर राज्य झारखंड कर्मचारी चयन आयोग स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित करने जा रही है। सीजीएल परीक्षा आगामी 21 और 22 सितंबर को रांची, बोकारो समेत राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित की जाएगी, जिसके प्रवेश पत्र 17 सितंबर को आयोग के वेबसाइट पर जारी कर दिए जाएंगे, जहां से अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने अभ्यर्थियों के रजिस्टर्ड मोबाइल पर मैसेज भेजकर परीक्षा केंद्र और परीक्षा तिथि के साथ प्रवेश पत्र कब और कैसे मिलेगा, इस संबंध में सूचना जारी की है।

इस परीक्षा में करीब 6.50 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन कर रखा है, जिसके लिए व्यापक इंतजाम किया गया है। इससे पहले इस साल 28 जनवरी और 4 फरवरी को परीक्षा आयोजित होनी थी, लेकिन प्रश्नपत्र लीक होने के कारण यह परीक्षा विवादों में आ गई। इस विवाद की वजह से आयोग के अध्यक्ष को इस्तीफा तक देना पड़ा। गौरतलब है कि यह एक ऐसी परीक्षा है जिसकी राज्य में 2015 से लगातार वैकेंसी निकाली जा रही है लेकिन दुर्भाग्य अभी तक पूरी नहीं हो सकी। यह नियुक्ति विज्ञापन अब तक पांच बार निकाला जा चुका है। 2015 से शुरू हुई स्नातक स्तरीय पदों के लिए भर्ती अब तक कई वजह से रद्द होती रही है। 2015 में निकाले गए विज्ञापन में कई तरह की त्रुटि होने की वजह से झारखंड हाईकोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था। इसके बाद 2019 में एक बार फिर नए सिरे से विज्ञापन जारी किया गया। हालांकि 2015 में फॉर्म भरने वाले अभ्यर्थियों को इसमें मौका जरूर दिया गया लेकिन झारखंड के मैट्रिक इंटर पास अनिवार्य किए जाने की वजह से इस पर एक बार फिर ग्रहण लगा और इसे रोक दिया गया।

विवाद बढ़ता देख सरकार ने गठित की एसआईटी

2021 में एक बार फिर नया विज्ञापन निकाला गया, लेकिन झारखंड हाईकोर्ट से नियोजित नीति रद्द होने की वजह से इसे रद्द करना पड़ा। चौथी बार जून 2023 में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने इस विज्ञापन को निकाला, जिसकी परीक्षा पहले 15 और 16 अक्टूबर को होनी थी, लेकिन यह टल गई और 16-17 दिसंबर को इसे निर्धारित किया गया। लेकिन प्रक्रिया पूर्णनहीं होने की वजह से परीक्षा नहीं हो सकी। आयोग ने फिर से 28 जनवरी और 4 फरवरी को परीक्षा लेने की तैयारी की, लेकिन प्रश्न पत्र लीक होते ही आयोग की सारी तैयारी धरी की धरी रह गई। प्रश्न पत्र लीक होने के बाद विवाद बढ़ता देख सरकार ने एसआईटी गठित की, जिसकी जांच रिपोर्ट अब तक नहीं सौंपी गई है। इधर, परेशान छात्र सरकार से एसआईटी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग करते है। बहरहाल आयोग ने 21 और 22 सितंबर को परीक्षा आयोजित करने की तैयारी पूरी करने का दावा किया है।

लापता युवती को खोजने धुर्वा डैम पहुंची एनडीआरएफ

RANCHI : नगड़ी थाना क्षेत्र के धुर्वा डैम में एक युवती के कूदकर खुदकुशी करने की आशंका के मद्देनजर सोमवार को एनडीआरएफ ने युवती की तलाश शुरू कर दी है। रविवार को युवती का चप्पल और स्कूटी डैम के फाटक के पास से नगड़ी पुलिस ने बरामद किया है। इसे लेकर सोमवार को एनडीआरएफ की टीम धुर्वा डैम पहुंचकर युवती के शव की तलाश कर रही है। बताया गया कि युवती धुर्वा की रहने वाली है और रविवार की अहले सुबह अपने घर से बिना किसी को कुछ बताए स्कूटी लेकर निकली थी। इसके बाद युवती कहां गयी किसी को कुछ पता नहीं चला। घर से निकलने की जानकारी होते ही परिजन उसे आसपास खोजने लगे। खोजते हुए जब वे डैम की ओर गए, तो उन्हें युवती की चप्पल और स्कूटी खड़ी मिली।

आज मनाई जाएगी अनंत चतुर्दशी और विश्वकर्मा पूजा

PHOTON NEWS RANCHI : अनंत चतुर्दशी और विश्वकर्मा पूजा 17 सितंबर को मनाया जाएगा। इस वर्ष भगवान विश्वकर्मा पूजा रवि योग में 17 सितंबर को है। इस दिन भगवान विश्वकर्मा को कई प्रकार के अस्त्र-शस्त्र से सुशोभित किया जाएगा और पूजा-अर्चना की जाएगी। लोग अपने ऑफिस, कारखानों, मशीनों, औजारों और वाहनों की भी पूजा करेंगे।

इससे जीवन में सुख-समृद्धि, व्यापार में उन्नति आदि का शुभ फल प्राप्त होगा। पंडित मनोज पांडेय ने सोमवार को बताया कि इस दिन रवि योग का निर्माण हो रहा है और इस योग में पूजा करने से सभी कार्यों में तरक्की मिलेगी। भगवान विष्णु और शिल्पकार विश्वकर्मा के एक साथ आने का संयोग बहुत ही दुर्लभ होगा। साथ ही अनंत चतुर्दशी होने से इस दिन का महत्व कई गुणा अधिक हो जाएगा। भगवान विश्वकर्मा देव लोक के वास्तुकार और शिल्पकार हैं। शास्त्रों के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ने भगवान शिव का त्रिशूल और विष्णु जी का सुदर्शन चक्र बनाया था। इसलिए इस दिन शस्त्रों की पूजा-अर्चना की जाती है। यह व्रत भगवान विष्णु के अनंत स्वरूपों को समर्पित है।

समाचार सार

पोस्टर-बैनर फाड़ने से भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष

JAMSHEDPUR : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित परिवर्तन महारैली के दूसरे दिन सोमवार को भाजपा व पीएम की तस्वीर वाले बैनर-पोस्टर फाड़ दिए गए, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष है। साकची और बिस्टुपुर के मध्य स्ट्रेट माइल रोड, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, कीनन स्टेडियम मार्ग सहित गोपाल मैदान के पास मेन रोड पर ये पोस्टर फाड़े गए हैं। इस पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर से फोन पर शिकायत की। उनसे अविलंब इस मामले में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई का अनुरोध किया। दिनेश कुमार ने अपने एक्स अकाउंट पर भी इस मामले को उठाते हुए पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता समेत जमशेदपुर एसपी एवं अन्य वरीय अधिकारियों से कार्रवाई का आग्रह किया है। एसएसपी ने मामले की जांच और कार्रवाई का भरोसा दिया है।

टाटा जू में आया एक जोड़ा जेब्रा

JAMSHEDPUR : टाटा स्टील जूलोजिकल पार्क में एक जोड़ा जेब्रा और पांच जोड़ा पक्षी लाया गया है। इसे मंगलवार को लोगों के बीच प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान चिड़ियाघर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम भी प्रारंभ होगा, जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की भी शुरूआत की जाएगी। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जमशेदपुर के वन प्रमंडल पदाधिकारी सबा आलम अंसारी उपस्थित रहेंगे।

अमेजन व फ्लिपकार्ट के खिलाफ कार्रवाई की मांग

JAMSHEDPUR : कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुरेश सोंथालिया ने अमेजन व फ्लिपकार्ट के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग रखी है। सोंथालिया ने सीसीआई की जांच रिपोर्ट को वैश्विक नियामक इतिहास में एक ऐतिहासिक मामला बताया है, क्योंकि फ्लिपकार्ट और अमेजन को खुलेआम प्रतिस्पर्धा-विरोधी कानूनों का उल्लंघन करते पाया गया है। सोंथालिया ने सोमवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप और घरेलू खुदरा व्यापारियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

मानगो में बुजुर्ग महिला का मकान ढहा

JAMSHEDPUR : शहर में लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार को मानगो के दाईगुट्ठू में एक बुजुर्ग महिला गनेशी देवी का मकान अचानक ढह गया। उनके घर का सारा सामान भी बारिश से खराब हो गया। भाजपा मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय ने इसकी सूचना भाजपा, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह को दी। उन्होंने तत्काल महिला के घर पहुंच कर छत ढंकने के लिए बड़ा तिरपाल उपलब्ध कराया। पड़ोस से पता चला कि महिला अकेली रहती है। उनके घर पर कोई सदस्य नहीं है। सिंह ने गनेशी देवी को भरोसा दिया कि जल्द से जल्द नगर निगम के अधिकारी से बात कर उन्हें प्रधानमंत्री योजना के तहत मकान का लाभ दिलाया जाएगा। इस मौके पर नित्यानंद सिन्हा, नीलकमल शेखर, सौरभ सिंह, सुशील पांडेय, राजा राय, ऋषभ सिंह, सुमित आदि मौजूद रहे।

बच्ची से अश्लील हरकत करने के मामले में एक धराया

JAMSHEDPUR : गोलमुरी थाना क्षेत्र में एक 4 साल की बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। इधर पुलिस द्वारा मामला दर्ज नहीं करने से गुस्साए स्थानीय लोग गोलमुरी थाना पहुंचे और प्राथमिकी दर्ज करवाया। वहीं परिजन अन्य लोगों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। बता दे कि शुक्रवार शाम बच्ची बाल्टी लेकर पानी भरने के लिए गई थी। इसी बीच बस्ती के ही एक युवक ने बच्ची को पकड़ने का प्रयास किया पर बच्ची हाथ छुड़ाकर भाग गई। रात में बच्ची अचानक डर गई और छाती में दर्द होने की बात कहते हुए रोने लगी। बाद में बच्ची ने बताया कि उसके साथ गलत करने का प्रयास किया गया था।

उलीडीह में तीन चोर धराए

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत कालिकानगर में चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मानगो रोड नंबर 13 बी निवासी मो अरसद अंसारी, रोड नंबर 6 निवासी मो सोहेल उर्फ टेन और अबू सानन शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार आरोपियों ने 14 सितंबर को कालिकानगर के एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस मंगलवार को आरोपियों को जेल भेजेगी।

बस स्टैंड के पास व्यक्ति से मोबाइल की छिनतई

JAMSHEDPUR : सीतारामडेरा थाना अंतर्गत बस स्टैंड आश्रय गृह के पास मानगो शंकोसाई निवासी विनोद पोद्दार से दो अज्ञात ने मोबाइल और पर्स की छिनतई कर ली। घटना 14 सितंबर की है। मामले को लेकर विनोद ने सीतारामडेरा थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। विनोद ने पुलिस को बताया कि वे बस स्टैंड के पास खड़े थे। तभी दो युवक आए और उनकी जेब से मोबाइल और पर्स की छिनतई कर फरार हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

टाटा-पटना वंदेभारत का कल से होगा नियमित परिचालन

5 दिन बोकारो व एक दिन बरकाकाना-डाल्टेनगंज-गढ़वा रोड होते हुए चलेगी

PHOTON NEWS JSR: टाटा-पटना वंदेभारत एक्सप्रेस 18 सितंबर से नियमित चलेगी। रेलवे ने सूचना जारी करते हुए बताया कि ट्रेन नंबर-20893/20894 18 सितंबर से नियमित चलेगी, इसका रूट चांडिल-मुरी- बोकारो-गोमो-पारसनाथ-कोडरमा-गया होते हुए पटना रहेगा।

ट्रेन-20893 बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार सुबह 5.30 बजे टाटानगर से खुलेगी जो कि 12.45 बजे पटना पहुंचेगी। वही दूसरी ओर पटना से ट्रेन-20894 बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार को दोपहर 2.15 बजे खुलेगी जो कि रात 9.30 बजे टाटानगर पहुंचेगी।

पटना से रविवार को ट्रेन शाम 4.45 बजे खुलेगी : वहीं 23 सितंबर से प्रत्येक सोमवार को ट्रेन नंबर-21895 वंदेभारत एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार को निर्धारित चांडिल, मुरी, बोकारो, कोड़रमा,गया वाले रूट से चलेगी, जो कि सुबह 5.30 बजे खुलेगी, 12.45 बजे पटना पहुंचेगी। दूसरी ओर 22 सितंबर से ट्रेन नंबर- 21896 प्रत्येक रविवार को पटना से शाम को 4.45 बजे खुलेगी जो रात 11.55 बजे पहुंचेगी।

टाटा-पटना वंदेभारत का इतना होगा किराया

	चेयर कार	एग्जीक्यूटिव क्लास
टाटा से चांडिल	485	845
टाटा से मुरी	565	1015
टाटा से बोकारो	655	1195
टाटा से गोमो	705	1300
टाटा से पारसनाथ	740	1370
टाटा से कोडरमा	865	1620
टाटा से गया	985	1855
टाटा से पटना	1115	2130

रविवार को पटना जाने में लगेगा ज्यादा समय

वहीं ट्रेन नंबर- 21893 22 सितंबर से प्रत्येक रविवार को सुबह - 5.30 बजे खुलेगी, यह ट्रेन अलग रूट से चलेगी। यह ट्रेन टाटा, चांडिल, मुरी, बरकाकाना, डाल्टेनगंज, गढ़वा रोड़, सोननगर, गया होते हुए पटना पहुंचेगी। यह ट्रेन 23 सितंबर से प्रत्येक सोमवार दोपहर 3.55 बजे पटना पहुंचेगी। वहीं दूसरी ओर प्रत्येक सोमवार को ट्रेन नंबर-21894 पटना से दोपहर 1.20 बजे खुलेगी जो कि रात 11.55 बजे टाटानगर पहुंचेगी। रविवार के दिन टाटा से पटना जाने में यात्रियों को करीब एक घंटे ज्यादा समय लगेगा।

पीएम के कार्यक्रम से लौट रही बस दुर्घटनाग्रस्त, दर्जनों घायल

अस्पताल में घायल यात्री

CHAIBASA : जमशेदपुर में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से लौट रही भाजपा कार्यकर्ताओं से भरी बस रविवार रात चाईबासा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरकुंडीया गांव के समीप तेरगो नदी के पुलिया से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस पर सवार दर्जनों लोग जख्मी हो गए। बाद में उन्हें इलाज के लिए चाईबासा सदर अस्पताल ले जाया गया। सोमवार को सुबह पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सूचना मिलने पर सदर अस्पताल, चाईबासा जाकर घायल कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका हाल-चाल जाना, एवं आवश्यक मदद की भी बात कही। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता के हर सुख-दुख में पार्टी साथ खड़ी है, घायल कार्यकर्ताओं को हर तरह की मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

ट्रेन की चपेट में आने से ऑन ड्यूटी रेलकर्मी की दर्दनाक मौत

CHAKRADHARPUR : दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल के पास हावड़ा-मुंबई मुख्य मार्ग के मनोहरपुर के पास घाघरा और सोनपोखरी गांव के बीच एक रेलकर्मी की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। यह घटना सोमवार सुबह उस वक्त की है, जब रेलकर्मी ड्यूटी पर था और रेल पटरियों की जांच कर रहा था। इस घटना के बाद मौके पर सहकर्मी पहुंचे और घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों तक पहुंचाई है। मृतक रेलकर्मी की पहचान 54 वर्षीय धनेश्वर महतो के रूप में की गई है। धनेश्वर महतो चक्रधरपुर रेल मंडल में की-मैन के पद पर कार्यरत था। धनेश्वर महतो मूल रूप से मनोहरपुर का ही रहने वाला बताया जा रहा है। धनेश्वर महतो कैसे ट्रेन की चपेट में आया, इसकी जानकारी अब तक स्पष्ट रूप से नहीं मिल पाई है।

केयू के पूर्व कुलपति प्रो. गंगाधर पांडा का निधन

JAMSHEDPUR : कोल्हान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) गंगाधर पांडा का रविवार देर रात निधन हो गया। वह कैंसर से पीड़ित थे। प्रो. पांडा एक शिक्षाविद और कुशल प्रशासक थे। उन्होंने कोल्हान विश्वविद्यालय के विकास में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 20 मई 2020 को कोल्हान विश्वविद्यालय में पांचवें कुलपति के रूप में योगदान किया था। सेवानिवृत होने के पश्चात वे स्थानीय नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी में कुलपति के रूप में मार्गदर्शन कर रहे थे। डॉ. पांडा ने वर्ष 1980 में व्याख्याता के रूप में अपने कॅरियर की शुरूआत की थी। उसके बाद वर्ष 1992 में लोक सेवा चयन आयोग (यूपीएससी) की प्रतियोगिता परीक्षा पास की और केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय में उप शैक्षिक सलाहकार के पद पर योगदान किया। प्रो. पांडा की तीन दर्जन से अधिक किताबें और चार दर्जन से अधिक शोधपत्र प्रकाशित थे। उनके निधन पर जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान के प्रचार्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षाविदों ने शोक जताया है।

डॉ. गंगाधर पंडा की फाइल फोटो

पंप में पेट्रोल की जगह पानी निकलने पर हंगामा

JAMSHEDPUR : घाटशिला के कॉलेज रोड स्थित शाकंभरी फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर सोमवार की शाम पेट्रोल में पानी मिलाने की शिकायत के बाद लोगों ने जोरदार हंगामा किया। घटना की सूचना मिलते ही घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन डे, अंचल अधिकारी निशांत अंबर और अनुमंडल पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पेट्रोल में बड़ी मात्रा में पानी की मिलावट पाई गई। पेट्रोल पंप के संचालक पवन अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे और सिस्टम की खराबी की बात स्वीकार की। बता दें। यह मामला तब सामने आया जब मुसाबनी निवासी जयंत पांडा ने अपने दोपहिया वाहन में 210 रुपये का पेट्रोल भरवाया, लेकिन पेट्रोल पंप से थोड़ी दूर जाते ही उनकी गाड़ी बंद हो गई। स्टार्ट करने की कई कोशिशों के बाद भी जब गाड़ी चालू नहीं हुई, तो मैकेनिक को बुलाया गया। मैकेनिक ने जब गाड़ी की जांच की, तो पेट्रोल की जगह पानी पाया गया।

टाटा कमिंस में पूजे गए भगवान विश्वकर्मा, शहर में आज रहेगी धूम

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर में विभिन्न धर्मों और प्रांतों के लोग एक साथ रहते हैं, इसलिए यहां देशभर के विभिन्न राज्यों में मनाए जाने वाले पर्व-त्योहार बड़े धूमधाम से मनाए जाते हैं। शहर के टाटा कमिंस कंपनी में सोमवार को ही विश्वकर्मा पूजा हो गई, जबकि टाटा मोटर्स और टाटा स्टील में मंगलवार को विश्वकर्मा पूजा मनाई जाएगी। साकची में बस स्टैंड, ऑटो स्टैंड और बिजली विभाग में पंडाल बनाकर विशेष तैयारी भी की गई है। इन जगहों पर छोटे-छोटे पंडालों में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पूजा की जाएगी। विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा अवसर है जिसमें सभी धर्मों और जातियों के लोग एकजुट होकर भाग लेते हैं। विश्वकर्मा पूजा के दौरान हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित अन्य धर्मों के लोग बिना किसी भेदभाव के शामिल होते हैं। हिंदू उन्हें देवता के रूप में पूजते हैं, जबकि अन्य धर्मों के लोग उन्हें शिल्प गुरु के रूप में सम्मान देते हैं। विश्वकर्मा पूजा को लेकर शहर में तैयारी पूरी हो चुकी है।

पटमदा व बोड़ा में कई कच्चे मकान ढहे

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले में लगातार हो रही भारी बारिश पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों में गरीब परिवारों के लिए मुसीबत का कारण बनती जा रही है। रविवार की शाम करीब 5 बजे पटमदा के आगुईडांगरा गांव में गिरिजा प्रसाद दास और बोड़ाम थाना क्षेत्र के चुनीडीह गांव में सोनू कर्मकार का मकान ढह गया। इस संबंध में बुद्धेश्वर दास ने बताया कि जिस घर में वे लोग खाना बनाते थे, उसमें बारिश के कारण मिट्टी की दीवार गिर गई, जिससे टाली की छत भी गिर गई। वहीं, बोड़ाम थाना क्षेत्र के चुनीडीह गांव में सोनू कर्मकार के फूस का मकान भारी बारिश के कारण ध्वस्त हो जाने से वह बेघर हो गए हैं। परिवार में उनके माता, पिता, पत्नी व एक बेटा समेत 5 सदस्य हैं जो पड़ोस के शिवानी कर्मकार के घर में शरण लिए हुए हैं। इस संबंध में युवा आजसू नेता चित्तरंजन महतो ने बताया कि सोनू का परिवार बहुत ही गरीब है इसलिए इस साल मकान की मरम्मत भी नहीं करवा सके और लगातार बारिश के कारण उनके समक्ष बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा पहुंची जमशेदपुर

विहंगम योग संत समाज के साधकों को विज्ञानदेव महाराज ने दिए आशीर्वचन

PHOTON NEWS JSR : विहंगम योग संत समाज के शताब्दी समारोह महोत्सव एवं 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने 7 जुलाई को संकल्प यात्रा का शुभारंभ कन्याकुमारी से किया था, जो दक्षिण भारत के सभी राज्यों के विभिन्न शहरों के पश्चात छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, बिहार के बाद झारखंड के गढ़वा, डालटनगंज, लातेहार, गुमला, रांची के बाद आज जमशेदपुर में पहुंच चुकी है। इस अवसर पर स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज ने संकल्प यात्रा के क्रम में साकची स्थित रवींद्र भवन में आयोजित जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के मध्य व्यक्त किए।जीवन मे आध्यात्मिक ज्ञान की अत्यंत अनिवार्यता है,जिसके आलोक में एक साधक का जीवन सर्वोन्मुखी विकास होता है। भारतीय संस्कृति अत्यंत समृद्ध है जिसने विरासत के रूप में आध्यात्मिकता को मानव कल्याण के लिए सहज रूप में प्रदान किया है, जो धर्म से लेकर मोक्ष की यात्रा कराती है। जो विश्व की आदि संस्कृति, विश्ववारा संस्कृति है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की चतुःसूत्री ही भारतीय संस्कृति का आधार है। महाराज ने कहा कि भीतर की अनंत शक्ति का सच्चा ज्ञान स्वयं को जानने से होता है। आंतरिक शांति के अभाव से ही आज विश्व मे अशांति है। उन्होंने जय स्वर्वेद कथा के क्रम में कहा कि भारत की आत्मा का नाम अध्यात्म है। आध्यात्मिक महापुरुषों के बदौलत ही भारत विश्व गुरु रहा है, विश्वगुरु है और मैं कहता हूं भारत विश्व गुरु रहेगा। कहा कि विश्वगुरु भारत की आध्यात्मिक संस्कृति पूरे विश्व को प्रेम, शांति एवं आनन्द का संदेश देती रही है। हमारी आंतरिक शांति द्वारा ही विश्व-शांति संभव है। दिव्यवाणी के दौरान श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि विहंगम योग के प्रणेता अमर हिमालय योग अनन्त सद्गुरु सदाफलदेव महाराज ने अपनी गहन साधना द्वारा ईश्वर से योग की प्राप्ति की एवं इस अतिदुर्लभ विज्ञान को स्वर्वेद नामक अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ द्वारा जनमानस को सुलभ कर दिया।

साकची स्थित रवींद्र भवन में विज्ञानदेव महाराज व उनके शिष्य • फोटोन न्यूज

परिवर्तन संकल्प यात्रा में 2 अक्टूबर को चाईबासा आएंगे नितिन गडकरी

चाईबासा के जिला कार्यालय में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता • फोटोन न्यूज

CHAIBASA : भाजपा के जिला कार्यालय में सोमवार को जिला अध्यक्ष संजय पांडे की अध्यक्षता में परिवर्तन संकल्प यात्रा की तैयारी पर बैठक हुई, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि 2 अक्टूबर को चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में होने वाली रैली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और अन्नपूर्णा देवी समेत कई नेता आएंगे। संगठन मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रत्येक बूथ से 50 कार्यकर्ता और समर्थक कार्यक्रम में लाए जाएं। पूरे पश्चिमी सिंहभूम जिले में 23 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक परिवर्तन संकल्प यात्रा आयोजित होगी, जिसका समापन गांधी जयंती के दिन केंद्रीय मंत्रियों की उपस्थिति में चाईबासा में किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई ने भी विचार रखे। मंच पर पूर्व विधायक गुरुचरण नायक, जवाहरलाल बानरा, शशिभूषण सामड, प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद इत्यादि मौजूद थे।

प्रदर्शन के बाद ग्राम सभा तालसा एवं यूसिल प्रबंधन के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता

यूसिल के टेलिंग डैम के सभी कार्यों को 23 से बंद कराने की चेतावनी

PHOTON NEWS GHATSILA : विस्थापन व पुनर्वास की मांग को लेकर तालसा ग्राम के ग्रामीणों ने सोमवार को यूसिल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिसके अंत में ग्राम सभा तालसा द्वारा घोषणा की गई कि हमारी मांगें पूरी नहीं होने पर 23 सितंबर से यूसिल के तालसा टेलिंग डैम के सभी कार्यों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी यूसिल प्रबंधन पर होगी।

इससे पूर्व यूसीआईएल कंपनी जादूगोड़ा के कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को ग्राम सभा तालसा एवं यूसिल प्रबंधन के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के संबंध में तालसा ग्राम सभा से माझी बाबा दुर्गा चरण मुर्मू ने बताया कि ग्राम सभा द्वारा दिए गए 18 सूत्री मांगों पर चर्चा की गई, जिसमें विस्थापितों को नौकरी एवं पुनर्वास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

ग्राम सभा के प्रतिनिधियों की ओर से विस्थापित सदस्यों को अविलंब पद सृजित करते हुए अकुशल श्रेणी में नियुक्त करने, डेथ केस, रिटायरमेंट के बाद उनके एक आश्रित को नौकरी, प्रभावित बेरोजगार सदस्यों को ठेकेदार कार्यों में उचित प्रथमिकता देने, मकान से विस्थापित परिवारों को संपूर्ण पुनर्वास मुहैया करने, तालसा टेलिंग डैम से नजदीक में बसे घर परिवार को उचित सुविधा मुहैया करते हुए संपूर्ण पुनर्वास करने, यूसीएल प्रबंधन द्वारा मनमानी तरीके से कंपनी हित में तथा विस्थापित के खिलाफ बने नियमों को सुधार करने, विस्थापितों को नियुक्ति हेतु नियम को सरल करने, प्रभावित परिवारों को उचित मेडिकल सुविधा उपलब्ध करने आदि मुख्य मांगों को प्रमुखता से रखा गया। इन सभी विषयों पर चर्चा करते हुए प्रबंधन की ओर से उपस्थित पदाधिकारी कोई ठोस सकारात्मक जवाब नहीं दे सके। ग्राम सभा के प्रतिनिधियों ने कहा कि इससे पहले भी विस्थापित परिवार, जिला प्रशासन एवं युसिल प्रबंधन के बीच कई वार्ता हो चुकी है, मगर हर बार प्रबंधन के पदाधिकारी विस्थापितों को सिर्फ आश्वासन ही देते आ रहे हैं। पिछले 8 वर्षों से विस्थापित परिवारों को जमीन के एवज में नौकरी नहीं दी गई है। 14 साल से अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति नहीं हुई है। विस्थापित सदस्य यूसिल में नौकरी करते हुए रिटायर हो चुके हैं, उनके आश्रितों को नौकरी नहीं दी गई। ऐसे में जितने पद खाली हो चुके हैं, उसे कैसे पूर्ण किया जाएगा। प्रबंधन के पास कोई पॉलिसी नहीं है. जिसके कारण विस्थापित परिवारों के सदस्य चिंतित एवं आक्रोशित हैं। वहीं बांदुहुड़ांग ओपन कास्ट माइंस और महुलडीह माइंस को कांट्रेक्टर द्वारा संचालित किया जा रहा है। दोनों माइंस के विस्थापितों को तुरामडीह माईंस में नौकरी दी गई है, जिससे तुरामडीह माइंस के विस्थापित परिवारों का अधिकार छीना गया है। वार्ता में यूसिल प्रबंधन की ओर से राकेश कुमार डीजीएम, पर्सनल व औद्योगिक संबंधित डी. हांसदा, मैनेजर पर्सनल संजीव रंजन, गिरीश गुप्ता, प्रबंधक कार्मिक तथा तालसा ग्राम सभा से माझी बाबा दुर्गा चरण मुर्मू, भगवत मार्डी, जितेन हेम्ब्रोम, वकील हेंब्रम, रामचंद्र टुडू, संग्राम माझी, गुम्दा मुर्मू, सिदलाल टुडू, दारोगा हेंब्रम, सिता मुर्मू, सारोती हेम्ब्राम, सरिता मुर्मू आदि काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

यूसिल गेट पर प्रदर्शन करते ग्रामीण • फोटोन न्यूज

आई हॉस्पिटल के कर्मचारियों को मिलेगा 18.5% बोनस

समझौते के दौरान अस्पताल के पदाधिकारी व यूनियन नेता • फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर आई हॉस्पिटल के कर्मचारियों का बोनस समझौता सोमवार शाम को तय हो गया। अस्पताल प्रबंधन और जमशेदपुर हॉस्पिटल कर्मचारी संघ के बीच 18.5 प्रतिशत बोनस को लेकर हस्ताक्षर हुआ। बोनस की राशि 19 सितंबर को भुगतान किया जाएगा। कर्मचारियों को अधिकतम 76,000 रुपए, न्यूनतम बोनस- 66745 रुपए मिलेंगे। जमशेदपुर आई हॉस्पिटल प्रबंधन के ओर से अधीक्षक सह सचिव डॉ. एसपी जखनवाल, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार रंगा, सदस्य विशाल वीएसटी, श्वेता तिवारी ने हस्ताक्षर किया।

वहीं जमशेदपुर आई हॉस्पिटल कर्मचारी संघ की ओर से अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, उपाध्यक्ष मीरा कुमारी, जनरल सेक्रेटरी बीके डिंडा, सहायक महासचिव सुशांत खलको, कमेटी मेंबर पार्वती मिश्रा, पूनम तिर्की व पंकज सोना ने हस्ताक्षर किया।

THE PHOTON NEWS

05 www.thephotonnews.com
Tuesday, 17 September 2024

झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, बढ़ी परेशानी

जमशेदपुर में स्वर्णरेखा व खरकई खतरे के निशान से ऊपर, जिला प्रशासन ने जारी की चेतावनी

जमशेदपुर में उफनाई स्वर्णरेखा व खरकई नदी का विहंगम दृश्य • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर झारखंड में भी देखने को मिल रहा है। राज्य के कई जिलों में पिछले 24 घंटे से लगातार रुक-रुक कर बारिश हो रही है। सोमवार की अहले सुबह से राज्य के लगभग सभी जिलों में तेज बारिश हो रही है। पूर्वी सिंहभूम जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण खरकई एवं स्वर्णरेखा नदी के जलस्तर में वृद्धि देखी जा रही है। खरकई नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है, वहीं स्वर्णरेखा नदी भी खतरे के निशान के नजदीक है। उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा दोनों नदियों के तटीय क्षेत्र व डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों से सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि नदी किनारे नहीं जाएं, जिससे किसी तरह की जान-माल का नुकसान हो। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा दिए जा रहे दिशा-निदेर्शों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करें। 17 सितंबर को भी राज्य के कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि 16 सितंबर को राज्य के उत्तर-पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश हो सकती है। साथ ही, दक्षिणी और मध्य भागों में भी कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना है। 17 सितंबर को भी उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है, साथ ही कुछ जगहों पर तेज हवाओं और बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर बाद से मौसम साफ होने की उम्मीद है, और उसके बाद अगले चार दिनों तक किसी भी प्रकार का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। सोमवार को मौसम विभाग द्वारा जारी एक बुलेटिन के अनुसार, गंगीय पश्चिम बंगाल और झारखंड के निकटवर्ती इलाकों में गहन अवदाब का असर देखा जा रहा है।

खतरे के निशान से उपर बह रही खरकई

लगातार हो रही बारीश से नदियां उफान पर है। खरकई नदी का जलस्तर आदित्यपुर के पास 130.10 मीटर दर्ज किया गया जो डेंजर लेवल से 1.10 मीटर उपर है। वहीं दोपहर 2.00 बजे स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर 120.920 दर्ज किया गया जो डेंजर जोन से 3 मीटर कम है। हालांकि मौसम विभाग द्वारा जारी संभावना के अनुसार स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर और बढ़ सकता है।

मंत्री बन्ना ने दिए जिला प्रशासन को निर्देश

जमशेदपुर के तटीय क्षेत्रों में रहने वालों के लिए चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने उपायुक्त को निर्देश जारी कर राहत एवं बचाव कार्य करने को कहा है। सोशल मीडिया अकॉउंट एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने लिखा है कि लगातार तीन दिन से हो रही बारिश के कारण स्वर्णरेखा एवं खरकई नदी का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और खतरे के निशान के करीब है। नदी तट पर रहने वाले लोगों से अनुरोध हैं कि सतर्क रहें।

धनबाद के मैथन व पंचेत डैम का बढ़ा जलस्तर, अलर्ट जारी

DHANBAD : पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण मैथन एवं पंचेत डैम के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसे देखते हुए मैथन एवं पंचेत डैम के हाइडल स्टेशन से पानी छोड़ा जा रहा है। डीवीसी से प्राप्त सूचना के मुताबिक मैथन डैम का जलस्तर 486 फीट है। यहां से 12300 घनफीट पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं पंचेत डैम का जलस्तर 413 फीट है, जहां से 38,500 घनफीट पानी छोड़ा जा रहा है। केंद्रीय जल आयोग एवं डीवीसी एमआरओ विभाग डैम के जलस्तर पर कड़ी नजर बनाए हुए है। हर पल की सूचना ली जा रही है। यदि बारिश और तेज हुई तो सोमवार की दोपहर 12 बजे के आसपास मैथन डैम के अन्य गेट भी खोले जाएंगे। इसको लेकर पश्चिम बंगाल के निचले इलाकों में सतर्कता की सूचना भेज दी गई है। हालांकि अभी स्थिति सामान्य है। मालूम रहे कि मैथन डैम का शाम 5 बजे तक जलस्तर खतरे के निशान से अभी भी 9 फीट कम था। यहां खतरे का निशान 495 फीट है, जबकि पंचेत डैम का जलस्तर भी खतरे का निशान से 12 फीट कम था। यहां खतरे का निशान 425 फीट है।

काशिदा-हुरलुंग रोड को देवली गांव से जोड़ने वाला पुल पानी के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त

घाटशिला अनुमंडल में क्षतिग्रस्त पुल व बारिश से ढहे मकान को देखने पहुंचीं जिला परिषद सदस्य • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS GHATSILA: मूसलाधार बारिश से पुल क्षतिग्रस्त होने और कई घरों के नुकसान होने की सूचना पर सोमवार को घाटशिला की जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। काशिदा-हुरलुंग रोड को देवली से जोड़ने वाला पुल पानी के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल का ऊपरी हिस्सा और रेलिंग टूटने से आवागमन बाधित हो गया है, जिससे देवली, पुखुरिया, बांकी, चाकदोहा, लुपुंगडीह, बीरबाद, लेदा, दुबराजपुर, चिरुगोड़ा, पीठाती गांव के लोग सीधे तौर पर प्रभावित हुए है। इसके अलावा धालभूमगढ़ प्रखंड के चुकरीपाड़ा, बेहड़ा, कारुवाकाटा आदि गांव के लोग भी प्रभावित हैं। देवयानी मुर्मू ने बताया कि पुल पूरी तरह कमजोर हो गया है। किसी भी समय बड़ी दुर्घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता। दो प्रखंड के लोगों का आवागमन प्रभावित हुआ है। सांसद बिद्युत बरण महतो को मामले की जानकारी देकर उच्चस्तरीय पुल निर्माण की मांग की गई है। वहीं काशीदा पंचायत के बरडीह बस्ती में तेज बारिश से देवला सोरेन का मिट्टी का घर भरभराकर गिर पड़ा। टाली व घर का अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया है। इस घटना में घर के लोग बाल-बाल बच गए। इसके अलावा भादुआ पंचायत के खरस्वती में फुलो मानकी और रायमनी मानकी का घर भी बारिश में ढह गया।

हजारीबाग में अत्यधिक वर्षा के मद्देनजर उपायुक्त ने जारी की चेतावनी

HAZARIBAG : मॉनसून व अत्यधिक वर्षा के मद्देनजर उपायुक्त नैन्सी सहाय ने जिलेवासियों के नाम चेतावनी जारी की है, जिसमें लोगों को नदी तट के साथ निचले इलाकों से दूर रहने की सलाह दी गई है। उपायुक्त ने कहा है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, रांची से प्राप्त सूचना के आधार पर राज्य में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की सक्रियता के कारण लगातार भारी बारिश की संभावना बनी है। शहर-गांव मे अत्यधिक बर्षा से अक्सर बाढ़ जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो जाती और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो जाता है। अत्यधिक वर्षा के कारण जिले में जनजीवन प्रभावित होने की संभावना रहती है। सड़क जाम, कच्चे मकान का टूटना, वज्रपात से जान-माल और फसलों क्षति आदि की संभावना रहती है। इसके लिए राहत शिविर के साथ-साथ प्रभावित लोगों के लिए भोजन, पानी, चिकित्सा व्यवस्था, शौचालय, असहायों के लिए विशेष सुविधा की व्यवस्था की जा रही है।

बागबेड़ा के निचले इलाकों में घुसा नाले का पानी

JAMSHEDPUR : लगातार बारिश से बागबेड़ा के निचले इलाकों में पानी घुस गया है। बागबेड़ा के नया बस्ती स्थित नाले का पानी लोगों के घरों में घुस गया। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग अपने घरों को छोड़कर रिश्तेदार के यहां चले गए, तो कई घर में ही डेरा डाले हुए हैं। कई लोगों ने राहत शिविर में शरण ली है। इधर, उपायुक्त अनन्य मित्तल लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

लगातार बारिश से पश्चिमी सिंहभूम में उफनाए नदी-नाले

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से सोमवार को जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। सोमवार को लगातार बारिश जारी था। चाईबासा और चक्रधरपुर जलमग्न हो उठा। वहीं बारिश के कारण चारों ओर पानी पानी सा रहा, क्योंकि सुबह से शाम तक बारिश छूटने का नाम ही नहीं ले रही थी। लगातार हो रही बारिश से नदियों के तटीय क्षेत्र में रहनेवाले लोग भयभीत रहे। वहीं प्रशासन की ओर से भी उन्हें हाई अलर्ट किया गया है।

संजय-विजय नदी का जलस्तर बढ़ा : चक्रधरपुर से होकर बहने वाली संजय नदी-विजय नदी समेत तालाबों का जलस्तर बढ़ गया है। चक्रधरपुर के तटीय क्षेत्र पुरानीबस्ती, पातु कालोनी, दंदासाई और कुदलीबाड़ी के लोग भयभीत रहे। बारिश के कारण बंदगांव प्रखंड के हिरणी फॉल भी सोमवार को उफना गया है। लगातार बारिश होने के कारण पहाड़ी नदियां भर गई हैं। हिरणी फॉल के झरना से काफी ऊंचाई से पानी बह रहा है। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से किसी को भी हिरणी फॉल के झरने की ओर नहीं जाने दिया जा रहा है। वहां सुरक्षाकर्मी नजर बनाए हुए हैं।

चाईबासा में कच्चा मकान गिरने से एक व्यक्ति की मौत

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर अनुमंडल के हाटगम्हारिया थाना क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण एक कच्चे मकान के ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण हाटगम्हारिया थाना क्षेत्र के कोचड़ा गांव निवासी शुभनाथ बेहरा रविवार रात अपने कच्चे मकान में सो रहा था। अचानक मध्य रात्रि में उसका मकान ढह गया। जब तक घर वाले मलबा हटाते, तब तक काफी देर हो

लातेहार में पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी

LATEHAR : पुलिस ने छापामारी कर नक्सली संगठन पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर समेत तीन नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सलियों में बालूमाथ निवासी सब जोनल कमांडर रामविजय सिंह, हेरहंज निवासी रूपेश राम और चंदवा निवासी धर्मेंद्र लोहरा शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से पीएलएफआई का पर्चा और तीन मोबाइल जब्त किया है। बालूमाथ डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का सब जोनल कमांडर राकेश उर्फ राम विजय लोहरा पिछले पिछले दिनों एक संवेदक को रंगदारी के लिए धमकी दिया था। संवेदक के द्वारा इस मामले को लेकर हेरहंज थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। इसी बीच रविवार की रात लातेहार पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि पीएलएफआई का सबजोनल कमांडर राकेश अपने कुछ साथियों के साथ हेरहंज की ओर एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस की टीम ने छापामारी कर तीनों उग्रवादियों को पकड़ लिया।

चतरा में मुखिया पर जानलेवा हमला

CHATRA : जिले के हंटरगंज प्रखंड के कोबना पंचायत के मुखिया बबलू कुमार मेहता पर जानलेवा जानलेवा हमला हुआ है। बबलू कुमार मेहता अपने गांव में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। खाना खाकर लौटने के क्रम में बाइक सवार युवकों मे धारदार हथियार से हमला कर दिया। मोटरसाइकिल से दो युवक आए और पीछे बैठा युवक मुखिया के गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। मुखिया का गर्दन में कट लग गया और अचेत होकर गिर पड़े। घटना रविवार देर रात की है। गंभीर अवस्था में मुखिया को हंटरगंज अस्पताल लाया गया। सोमवार को स्थिति गंभीर होने के कारण उसे गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चतरा में चार बदमाश गिरफ्तार, हथियार बरामद

पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS CHATRA : हंटरगंज पुलिस ने चार देशी कट्टा, छह जिंदा गोली व एक बाइक के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी बिहार राज्य के गया जिले के गुरुआ थाना का बरमा गांव निवासी श्याम कुमार, बिट्टू कुमार, निखिल कुमार एवं हंटरगंज थाना के बहेरा गांव निवासी नवनीत कुमार सिंह उर्फ दीपू कुमार शामिल हैं। एसपी विकास कुमार ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक बाइक पर सवार होकर कुछ लड़के हंटरगंज से डोभी की तरफ जा रहे है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने फिराक में हैं। सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया।

‘सरकार की आमद मरहबा’ से गूंजता रहा शहर, चारों ओर निकला जुलूस

ईद मिलाद उन नबी के मौके पर पूरे राज्य में निकले मुस्लिम समुदाय के लोग, जगह-जगह लगे थे लंगर, बांटी गई शीरनी

रांची के खानकाह में मिलाद शरीफ का आयोजन, दी गई अमन-चैन की नसीहत

मिलाद शरीफ में शामिल अकीदतमंद

RANCHI : ईद मिलादुन्नबी के मौके पर डोरंडा मणिटोला फिरदौस नगर स्थित खानकाह मजहरिया मुनअमिया मे खानकाह के सज्जादा नशी पीरे तरीकत रहबरे शरियत हुजूर सैय्यद शाह अलकमा शिबली कादरी साहब के जानिब से सोमवार को मिलाद शरीफ का एहतेमाम किया गया। जिसमे उन्होंने हुजूरे पाक सलअलैहे वसल्लम का दुनिया मे आने का मकशद और उनके बताए हुए राह पर चलने की बातें मिलाद शरीफ मे पहुंचे लोगो को बताया और कहा कि ईद मिलादुन्नबी के पाक मौके पर हमें जुलूस निकालने के साथ ही साथ गरीबों, मिस्किनों की ज्यादा से ज्यादा मदद करनी चाहिए, सदका निकालना चाहिए, अस्पतालों में जाकर गरीबों को फल और जरूरत के सामान देना चाहिए और गरीब असहाय लोगो की ज्यादा से ज्यादा मदद करनी चाहिए।

जमशेदपुर के मानगो से धतकीडीह तक निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी

मानगो से निकले जुलूस में शामिल लोग

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर में सोमवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद (स.अ.) का जन्मदिवस (ईद मिलादुन्नबी) पूरे जोश और श्रद्धा के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न इलाकों से निकले जुलूस जब साकची और धातकीडीह पहुंचे, तब यह विशाल जुलूस-ए-मोहम्मदी का रूप ले चुका था। हजारों मुस्लिम धर्मावलंबियों ने इसमें भाग लिया। इस दौरान पैगंबर हजरत मोहम्मद (स.अ.) की शान में ‘हुजूर की आमद मरहबा’, ‘सरकार की आमद मरहबा’ और ‘या मुस्तफा या मुस्तफा’ जैसी सदाएं गूंजती रहीं। शहर, राज्य और देश में अमन, सलामती और तरक्की के लिए सामूहिक दुआ की गई।

तंजीम अहले सुन्नत व जमात के तत्वावधान और उलेमा-ए-कराम के नेतृत्व में आयोजित इस जुलूस में हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए।

धनबाद में भारी बारिश के बावजूद कम नहीं हुआ उत्साह, बच्चे भी हुए शामिल

धनबाद में जुलूस को आगे बढ़ाते समाज के लोग • फोटोन न्यूज

DHANBAD : मिलाद उन नबी के जन्मोत्सव पर सोमवार की सुबह बड़ी मस्जिद शिवलीबाड़ी के मौलाना मसूद अख्तर के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। लगातार हो रही बारिश के बाबजूद हजारों लोग भींग कर जुलूस में शामिल हुए। सभी उत्साहित थे। सभी हाथों में झंडा लिए हुए नारे लगा रहे थे। जुलूस शिवलीबाड़ी बड़ी मस्जिद से निकलकर गलफरबाड़ी मोड़ पहुंचा, जहां से तालडांगा की ओर रवाना हो गया। इस दौरान शिवलीबाड़ी बड़ी मस्जिद के मौलाना मसूद अख्तर ने कहा कि आज हमलोग पैगंबर मिलाद उन नबी का जन्मोत्सव मना रहे हैं। उनके जन्मदिन पर जुलूस निकाल हमलोग खुशी का इजहार कर रहे हैं। उन्होंने पूरी दुनिया को अमन-चैन का पैगाम दिया। उनका मानना है कि सबसे बेहतर इंसान वही है, जो दूसरों की मदद करे।

लोहरदगा में निकाला जुलूस-ए-मोहम्मदी देते रहे अमन का पैगाम, बांटे लंगर

लोहरदगा में बाजार के बीच से निकलते समाज के लोग • फोटोन न्यूज

LOHARDAGA : पैगम्बर हजरत मोहम्मद की जयंती सोमवार को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाई गई। इसे ईस्लाम धर्मावलंबियों ने जश्न-ए-ईद मिलादुन नबी के रूप में मनाया। इस मौके पर अंजुमन ईस्लामिया के निगरानी में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाली गयी। इसका नेतृत्व मसाजिदों के आइमा-ए-कराम और अंजुमन ईस्लामिया कमिटी के ओहदेदरान व विभिन्न पंचायतों के सदर व सेक्रेटरी कर रहे थे। झमाझम बारिश में हरे रंगों के परचम और खुबसूरत रंग-बिरंगे पताके हाथों में लिये जनसैलाब के रूप में मुस्लिम समुदाय स्थानीय जामा मस्जिद के समीप से होते हुए बड़ा तालाब, बगडू रोड़, तैगी नगर, अमला टोली, सोमवार बाजार, पावरगंज, बाबा मठ, न्यू रोड, महात्मा गांधी पथ, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, तेतर तर, थाना रोड समेत विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः जामा मस्जिद के पास पहुंचे।

अंतिम पड़ाव की समस्याएं

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के खुदरा मुद्रास्फीति के ताजे आंकड़े एक बार फिर टिकाऊ मूल्य स्थिरता के लक्ष्य को हासिल करने की राह में मौजूद चुनौतियों को रेखांकित करते हैं। अगस्त में साल-दर-साल के आधार पर महंगाई के अनुमानों से पता चलता है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित हेडलाइन दर जुलाई के 3.60 फीसदी से मामूली रूप से बढ़कर 3.65 फीसदी हो गई है, क्योंकि सब्जियों की मुद्रास्फीति में तेज उछाल के चलते खाद्य पदार्थों की समग्र महंगाई में व्यापक तेजी आई है। सब्जियों के उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक के तीसरे सबसे बड़े घटक की कीमतों में पिछले महीने 380 आधार अंक से ज्यादा का इजाफा हुआ और यह 10.7 फीसदी पर पहुंच गया, जिससे खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति 5.66 फीसदी हो गई। सब्जियों में सबसे ज्यादा उपभोग किए जाने वाले आलू और प्याज में साल-दर-साल आधार पर मुद्रास्फीति जुलाई के स्तर से नरमी के बावजूद अभी भी छठे और 13वें महीने के लिए उच्च दहाई अंकों में क्रमशः 64 फीसदी और 54 फीसदी पर बनी हुई है। गाजर, पालक और बैंगन सहित अन्य सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई और इन तीनों सब्जियों में दहाई अंकों में मुद्रास्फीति दर्ज की गई। इसके अलावा दालों और अनाजों की कीमतों में अवस्फीति धीमी रही। साल-दर-साल के आधार पर दालों में मूल्य वृद्धि लगातार 15वें महीने दहाई अंकों में 13.6 फीसदी पर बनी रही, जबकि अनाजों में 7.3 फीसदी की मुद्रास्फीति दर दर्ज की गई। चिंताजनक बात यह है कि ग्रामीण इलाकों में खाद्य मुद्रास्फीति छह फीसदी से ज्यादा हो गई है और यह स्थिति ऐसे समय में है, जब आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण कृषि क्षेत्र में निजी उपभोग फिर से रफ्तार पकड़ने की कोशिश कर रही है। मौद्रिक नीति समिति के एक बाहरी सदस्य के रूप में शशांक भिड़े ने पिछले महीने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नीति समीक्षा बैठक में अपनी टिप्पणियों में कहा था, उच्च खाद्य मुद्रास्फीति विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी, क्योंकि यह उपभोग को प्रभावित करती है। आरबीआई के चार फीसदी के हेडलाइन खुदरा मुद्रास्फीति के मध्यम से अवधि के मौद्रिक नीति लक्ष्य के लिए टिकाऊ अवस्फीति को अन्य चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है, जिसका एक प्रमुख तत्व कोर मुद्रास्फीति में दोबारा उभार है। मूल्य वृद्धि की माप, जो अपेक्षाकृत ज्यादा अस्थिर खाद्य और ईंधन के घटकों को उघाड़ देती है, जुलाई में 17 महीने की मंदी के सिलसिले को तोड़ने के बाद 3.38 फीसदी तक चढ़ गई। मासिक एचएसबीसी इंडिया मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई सर्वेक्षण में सामानों के निमाताओं से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर, एचएसबीसी ने इस महीने कहा कि अगस्त में वस्तुओं के लिए मांगी गई कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और आउटपुट-चार्ज मुद्रास्फीति की दर करीब 11 साल में दूसरी बार सबसे तेज है। इसमें मानसून की स्थानिक और सामयिक अस्थिरता को जोड़ दें, तो मूल्य स्थिरता से संबंधित अनुमान और भी ज्यादा अस्पष्ट हो जाता है।

75% काफी नहीं

विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह कहना कि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की वापसी से जुड़ी समस्याएं 75% तक सुलझ गई हैं, कई लिहाज से अहम है। इसकी टाइमिंग तो खास है ही, आगे-पीछे और समानांतर चल रहे प्रयासों की रोशनी में इस बयान को दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की बढ़ी हुई दोतरफा इच्छा का संकेत माना जा रहा है। भारत और चीन के बीच गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद के चार वर्षों में दोनों पक्षों के बीच बातचीत के दर्जनों दौर हो चुके हैं। लेकिन, यह पहला मौका है, जब विदेश मंत्री ने इसमें हुई प्रगति को इस तरह मात्रात्मक अंदाज में व्यक्त किया। इससे पॉजिटिविटी का जो संदेश निकला है, वह इस मायने में भी अहम है कि इससे साथ-साथ चल रहे अन्य प्रयासों की भावना भी रेखांकित होती है। विदेश मंत्री जयशंकर के बयान के कुछ घंटों के भीतर ही ब्रिक्स देशों की एनएसए बैठक के लिए रूस गए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की। यी विदेश मंत्री भी हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने अपने चीनी समकक्ष के साथ दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानों की जल्द पुनर्बहाली से जुड़े पहलुओं पर बातचीत की। ये सारे प्रयास इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण हैं कि अगले महीने ब्रिक्स देशों की शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात होने वाली है। इन बातों का यह मतलब नहीं है कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद की उलझी हुई गुत्थी आसान हो गई है। दोनों के स्टैंड में किसी बदलाव का कोई संकेत अभी तक नहीं है। चीन की तरफ से सीमा विवाद को दरकिनार करते हुए संबंध सुधारने के आग्रह पर भारत का रुख आज भी यही है कि सीमा पर सामान्य स्थिति बहाल हुए बगैर यह संभव नहीं। भारत यह बताने में भी संकोच नहीं कर रहा कि चार साल पहले एलएसी पर चीन द्वारा की गई कार्रवाई दोनों पक्षों के बीच उस समय तक बनी तमाम सहमतियों का उल्लंघन थी और आज तक यह भी पूरी तरह साफ नहीं हुआ है कि आखिर चीन ने ऐसा क्यों किया।

जम्मू-कश्मीर विस चुनाव : विमर्श का विषय

ANALYSIS

प्रवीण गुगनानी

कांग्रेस ने भी फारूक अब्दुल्ला और उनके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। अनुच्छेद 370 के उन्मूलन के बाद बना था- गुपकार गठबंधन। गुपकार गठबंधन चाहता है कि अनुच्छेद 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति सांप-छछूंदर जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों,उग्रवादियों,आतंकियों,देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतार कर अनुच्छेद 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था, तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग मुंह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था प्रथम दृष्टया, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं।

उस जमाने की बात याद है, जब प्रत्येक राष्ट्रीय कानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था- जम्मू और कश्मीर को छोड़कर, लेकिन अब देश में वैसा नहीं होता। जम्मू-कश्मीर अब शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नए भारत का नया कश्मीर है। जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहां भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे, उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी-20 का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनीयत वाले लोग थे, वे अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फारूक अब्दुल्ला और उनके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। अनुच्छेद 370 के उन्मूलन के बाद बना था- गुपकार गठबंधन। गुपकार गठबंधन चाहता है कि अनुच्छेद 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति सांप-छछूंदर जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों,उग्रवादियों,आतंकियों,देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतार कर अनुच्छेद 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था, तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग मुंह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था प्रथम दृष्टया, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं। 6 अगस्त 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने 370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला देश विरोध नहीं तो और क्या था। शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को गुपकार गैंग से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फारूक अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य के साथ अनुच्छेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर इनके साथ खड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस, अब्दुल्ला और पीडीपी वाले इस अलगाववादी गठबंधन ने एक वर्ष बाद भी यह कहा था कि अनुच्छेद 370 और 35 को पुनर्स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कश्मीर के इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता को कांग्रेस से यह पूछना चाहिए कि कश्मीर छोड़ कर शेष राष्ट्र में वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में क्यों खड़ी दिखती है। ये दोहरा चरित्र क्यों है। शेष राष्ट्र में वह अब्दुल्ला व मुफ्ती परिवार से दूरी का प्रदर्शन करती है और अब विस चुनाव भी उनके साथ ही लड़ती है। कश्मीर की जनता को इन दोहरे और डुप्लीकेट चरित्र वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिए। गुपकार गठबंधन स्पष्ट तौर पर विदेशी शक्तियों का एक बॉम्ब टॉय है और कांग्रेस, अब्दुल्ला, पीडीपी इसके साथ खड़े हुए हैं। पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के एक देश, एक विधान, एक प्रधान के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्प शक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, जम्मू और कश्मीर प्रदेश एवं लद्दाख हेतु क्रमशः 30757 करोड़ रुपये और 5959 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर में लोकतंत्र को पुनर्जीवित किया है। वर्ष 2018 में भाजपा की संकल्प शक्ति से कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए, जिसमें 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ। वर्ष 2019 में ब्लॉक डेवलपमेंट काउंसिल चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जिला स्तर के चुनाव में भी यही गाथा दोहराई गई। आज कश्मीर में आयुष्मान योजना में 4.4 लाख लाभार्थियों की सूची बन गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना के मामले में कश्मीर ने देश के शेष राज्यों की अपेक्षा अधिक सफलता अर्जित की है। कश्मीर के मूल निवासियों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। नई मूल निवासी परिभाषा के अनुसार, 15 वर्ष या अधिक समय तक जम्मू-कश्मीर में रहने वाले व्यक्ति भी अब अधिवासी माने जाएंगे। इससे कश्मीर की जनता सुरक्षित हुई है। कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए छह हजार आवासों का निर्माण हो गया है। जम्मू-कश्मीर से बाहर विवाह करने वाली लड़कियों और उनके बच्चों के अधिकारों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया गया है। कश्मीर में पहली बार दस हजार रिक्त नौकरियों को सूचीबद्ध करके इन पर नियुक्तियों का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके दूसरे चरण में लगभग साढ़े बारह हजार नौकरियों के लिए भर्ती अभियान चलाया गया है। मोदी सरकार ने कश्मीर में हिमायत योजना से लगभग नब्बे हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने पचास नए महाविद्यालय प्रारंभ किए हैं, जिसमें लगभग सात हजार कश्मीरी छात्र नए कश्मीर का भाग्य लिख रहे हैं। सात मेडिकल कॉलेज व पांच नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। आईआईटी जम्मू को अपना कैंपस और एम्स की भेंट मिली है। अटल टनल प्रारंभ होने के साथ चिनाब पर विश्व का सबसे ऊंचा 467 मीटर का पुल अब कश्मीर को वैश्विक नक्शे पर आतंकग्रस्त नहीं, अपितु एक विकसित प्रदेश के रूप में दिखाता है। कश्मीर में आज ऐसी कई नई योजनाएं प्रारंभ हो रही हैं। एक समय था, जब कश्मीर के जंगल उजाड़ कर देशभर में बनने वाली पेंसिल की लकड़ी पुलवामा से जाती थी। आज मोदी सरकार की कल्पनाशीलता से पुलवामा का उक्खू गांव देशभर की पेंसिल खपत की नब्बे प्रतिशत पेंसिल और बड़ी मात्रा में क्रिकेट बैट सप्लाई करके अपने उत्पाद का उच्चतम मूल्य प्राप्त कर रहा है। सबसे बड़ी बात कि इसके लिए वह अपने अमूल्य देवदार के वृक्षों को नहीं काट कर पर्यावरण सुरक्षा भी कर रहा है। पहले कश्मीर से पेंसिल की लकड़ी जाती थी, अब वैल्यू एडिशन के साथ पेंसिल जाती है और स्थानीय बहुमूल्य लकड़ी भी नहीं काटी जा रही है। कश्मीर में दस वर्ष बाद होने जा रहे विस चुनाव में भाजपा का स्पष्ट कहना है कि वह कश्मीर को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों से मुक्ति दिलाएगी और कश्मीर की कश्मीरियत स्थापित रखेगी।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

आरबीआई व बैंकिंग क्षेत्र के बारे में गलत विमर्श का जवाब

साल 2013 में नरेंद्र मोदी के देश की सत्ता संभालने से एक साल पहले मॉर्गन स्टेनली ने भारत को उभरती हुई पांच कमजोर अर्थव्यवस्था में से एक के रूप में नामित किया था। इसे अपनी अर्थव्यवस्था चलाने के लिए विदेशी पूंजी पर निर्भरता और कई मामलों में महत्वपूर्ण चालू खाता घाटे के कारण नाजुक पांच अर्थव्यवस्था के रूप में घोषित किया। 1997 में आरबीआई के पूंजी ढांचे पर गौर करने की आवश्यकता थी, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि आरबीआई को अपनी परिसंपत्तियों के प्रतिशत के रूप में कितना आरक्षित रखना चाहिए। वी सुब्रह्मण्यम के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया। समिति ने अपनी परिसंपत्तियों का 12 फीसदी प्रस्तावित करते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। आरबीआई ने निष्कर्षों को स्वीकार नहीं किया। 2004 में उषा थोरातजी के नेतृत्व में एक और समूह ने आरबीआई के पूंजी ढांचे की समीक्षा के लिए बैठक की। समूह ने लगभग 18 प्रतिशत की सिफारिश की, जिसे आरबीआई ने स्वीकार नहीं किया। 2013 में वाईएच मालेगाम समिति ने सिफारिश की कि अतिरिक्त भंडार सरकार को दिया जाना चाहिए। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम सहित दुनिया भर में सामान्य मानदंड कुल संपत्ति का 8 फीसदी है। 2008 में यूएस फेड ने वित्तीय संकट के दौरान अमेरिकी बैंकों की मदद करने के लिए पर्याप्त मात्रा में भंडार आवंटित किया। इसलिए ऐसा कुछ भी नया नहीं है, जिसे भारतीय सरकार अपने स्वार्थ के लिए अपने केंद्रीय बैंक से पूरा करवाना चाहती हो और हम सभी जानते हैं कि हमारे बैंकिंग क्षेत्र, विशेष रूप से सार्वजनिक उपक्रमों ने पिछले दशक में कैसा प्रदर्शन किया है। जब बड़े पैमाने पर कर चोरी के कारण राजस्व संग्रह कम होता है और रोजगार सृजन और सामान्य विस्तार (5 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी का लक्ष्य) के माध्यम से सुविधाओं के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश करने की आवश्यकता होती है, तो सरकार को धन की आवश्यकता होती है। आखिरकार, आरबीआई का पैसा भी लोगों का पैसा है, तो सरकार इसका उपयोग क्यों नहीं कर सकती। कई साल पहले सरकार ने सभी बैंकों से कृषि क्षेत्र में ऋण देने के लक्ष्य को पूरा करने को कहा था और किसी भी कमी का भुगतान सरकार के माध्यम से राज्यों में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश के लिए नाबार्ड को किया जाना था। इस निर्देश से कई गांवों को लाभ हुआ। प्रमुख अर्थशास्त्री और आरबीआई के पूर्व गवर्नर बिमल जालान समिति की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्र निर्माण के लिए आरबीआई द्वारा केंद्र सरकार को आरक्षित धन का एक हिस्सा हस्तांतरित करना उचित है। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिया। यह एक साल पहले की राशि से दोगुने से भी अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 47 (अतिरिक्त लाभ का आवंटन) के अनुसार अधिशेष या व्यय पर आय की अधिकता को सरकार को हस्तांतरित करता है। अधिनियम की धारा 47 के अनुसार, केंद्र सरकार को खराब ऋण, मूल्यह्रास और अन्य खर्चों में कटौती के बाद शेष आय प्राप्त होगी। अधिकतर देशों में यही स्थिति है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व, बैंक ऑफ जापान, बैंक ऑफ इंग्लैंड और जर्मन बुंडेसबैंक के कानून स्पष्ट रूप से कहते हैं कि आय का भुगतान सरकार या राजकोष को किया जाना चाहिए। अधिशेष और लाभांश गणना बिमल जालान समिति द्वारा अनुशंसित आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) पर आधारित थी। समिति ने सिफारिश की कि आरबीआई अपनी बैलेंस शीट का 5.5 से 6.5 प्रतिशत का आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) बनाए रखे। बैंकों का सकल एनपीए 2018 में 11.25 प्रतिशत से गिरकर सितंबर 2023 में 3 फीसदी हो गया, जबकि ऋण वृद्धि लगभग 15 फीसदी रही। वित्त वर्ष 24 में बैंकिंग क्षेत्र का मुनाफा 39 फीसदी बढ़कर 3.1 लाख करोड़ रुपये हो गया। सूचीबद्ध सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 20 में 2.2 लाख करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 23 में 39 फीसदी बढ़कर 3.1 लाख करोड़ रुपये हो गया। जहां सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने इस वर्ष 1.4 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 34 फीसदी अधिक है, वहीं निजी क्षेत्र के बैंकों का शुद्ध लाभ 1.7 लाख रुपये रहा, जो पिछले साल के 1.2 लाख करोड़ रुपये से 42 फीसदी अधिक है। एक दशक पहले भारतीय रुपया एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं में से एक था। रुपये की वैश्विक मौजूदगी बढ़ाने से इसके मूल्य को स्थिर करने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा आरबीआई भविष्य में होने वाले निवेश को बेहतर तरीके से संभालने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करने की अपनी क्षमताओं में सुधार कर रहा है। 2014 में अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण राजकोषीय और चालू खाता घाटे और दोहरे अंकों की मुद्रास्फीति से ग्रस्त थी। अब मुद्रास्फीति नियंत्रण में है, राजकोषीय घाटा नीचे की ओर जा रहा है और चालू खाता घाटा जीडीपी का मुश्किल से 1 फीसदी से अधिक है और विदेशी मुद्रा भंडार लगभग ग्यारह महीने के आयात को कवर करता है। यह कमजोरी से स्थिरता और ताकत की यात्रा रही है। यहां दो बिंदुओं को उजागर करना आवश्यक है। सरकार के कोविड प्रबंधन और टीकाकरण रिकॉर्ड ने अर्थव्यवस्था के तेजी से उबरने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी तरह, पिछले दो वर्षों में उचित कीमतों पर कच्चे तेल की आपूर्ति का प्रभावी प्रबंधन उल्लेखनीय है। मनुष्य अदृश्य की सराहना करने में असमर्थ है। गलतियां नहीं की गईं और जोखिमों से बचा गया, फिर भी प्रतितथ्य हमारे चारों ओर हैं। जैसा कि सरकार अपर्याप्त बुनियादी ढांचे और वित्तीय बहिष्कार जैसे दीर्घकालिक मुद्दों को संबोधित करती है, आकांक्षाएं बढ़ती हैं और उम्मीदें ऊपर की ओर बढ़ती हैं।

Social Media Corner

सच के हक में...

चौथे वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और एक्सपो में भाग लिया। यह मंच टिकाऊ ऊर्जा की दिशा में काम करने वाले हितधारकों को एक साथ लाता है। हरित कल के निर्माण के उद्देश्य से नवोन्मेषी समाधान और निवेश देखकर खुशी हुई!

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

जम्मू की जनता जानती है कि यहाँ शांति सिर्फ मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ही बनाए रख सकती है। किश्तवाड़ में जम्मू के भाइयों-बहनों से संवाद किया।

(गृह मंत्री अमित शाह का 'एक्स' पर पोस्ट)

दिल्ली में झारखंड के हजारों प्रवासी रहते हैं। मेरी दिल्ली यात्रा के दरम्यान मिलकर और मोबाईल पर भी वे लोग नालियों की सफाई न होने के चलते दिल्ली में वर्षा का पानी पहले तल्ले तक घरों में घुस जाने से बनी नारकीय स्थिति और जीना मुहाल होने, उनकी गाड़ियॉं पानी में डूब कर बर्बाद हो जाने, बिजली-पानी के बेतहाशा बढ़े हुए बिल आने जैसी पीड़ा से अवगत करता रहते हैं। लोग केजरीवाल सरकार के कामकाज और आप पार्टी द्वारा एक से बढ़कर एक भ्रष्टाचार का कीर्तिमान स्थापित कर रहे होने की खबरों से बेहद नाराज और आक्रोशित हैं।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

निर्भयाओं को निर्भय बनाने के प्रयास और सख्ती के प्रावधान

पश्चिम बंगाल में आरजी कर अस्पताल का प्रकरण भले आज उबाल ले रहा हो, पर 2012 के निर्भया कांड के बाद हुई सख्ती के बावजूद ऐसी घटनाओं का बंद होना तो दूर, महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध कम नहीं हो रहे। कठोर सजा के प्रावधान भी बेअसर हो रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध वाले प्रकरणों का न्यायालयों में निस्तारण भी तेजी से हो रहा है। करीब 90 प्रतिशत तक प्रकरणों का न्यायालयों से निस्तारण किया जा रहा है। लेकिन, महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कुछ समय गुजरते ही देश में कहीं न कहीं निर्भया जैसे नृशंस कांड हो रहे हैं, जो देश को हिलाकर रख देते हैं। कोलकता आरजी कर अस्पताल में रेप व हत्या की घटना के बाद जिस तरह देशव्यापी माहौल बना, उसके चलते पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा ह्यअपराजिताह्न महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिमी बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधानसभा से पारित हो गया। सवाल यह नहीं है कि कानून कितना सख्त बनाया गया है। सवाल यह भी नहीं है कि कानून में किस तरह से जांच से लेकर सजा तक की समय सीमा तय की गई है। सवाल यह है कि 2012 में निर्भया कांड के बाद जिस तरह से कानून में बदलाव कर सख्ती के प्रावधान किए गए, जिस तरह से पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की बात हुई और जिस तरह से देश में त्वरित न्याय के लिए फास्ट ट्रेक स्पेशल अदालतें और पॉक्सोअदालतें बनाई गईं, उसके बाद भी हालात में बदलाव क्यों नहीं दिखाई दे रहे हैं। दिसंबर 2012 में निर्भया कांड को लेकर जिस तरह देशव्यापी आक्रोश देखने को मिला, उसके बाद 2013 में नया आपराधिक कानून लाकर सरकार ने सख्ती की मंशा दिखाई। इसके बावजूद सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिला। 2015 में किशोर न्याय अधिनियम के माध्यम से 16-18 साल के दोषियों को भी कोई रियायत नहीं देने के प्रावधान किए गए और 2019-20 में 1023 फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट का गठन और 389 पॉक्सो कोर्टो के गठन के बावजूद अपराधियों में किसी तरह भय का वातावरण नहीं बना है। उज्जैन, अयोध्या और इसके बाद आरजी कर प्रकरण से साफ हो गया है कि भले ही अब ममता सरकार ने नया अधिनियम पारित करा लिया हो, पर तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि ऐसे मामलों में भी लोग राजनीतिक फायदा-नुकसान को देखकर प्रतिक्रिया देते हैं। मानवता के लिए इससे अधिक कलंक की दूसरी बात क्या होगी। आंकड़ों में देखें तो निर्भया कांड के समय ऐसे 24915 मामले सामने आए थे, तो साल 2016 में सर्वाधिक 38947 अपराध सामने आए। 2020 के कोरोना काल में अवश्य 28046 मामले आए अन्यथा आंकड़े 30 हजार से अधिक ही रहे। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के इस तरह के 31516 मामले आए यानी 2012 के निर्भया कांड और उसकी प्रतिक्रिया स्वरूप देश ही नहीं, विश्वव्यापी आक्रोश व जनचेतना के बावजूद ऐसे अपराधों में कमी नहीं आई। सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद अपराधी प्रवृत्ति के लोग इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते आ रहे हैं। साफ है कि कानून बनाने या सख्त सजा व त्वरित न्याय की व्यवस्था एक बात है और समाज को अपराध विहीन बनाना दूसरी बात। इसके लिए हमें हमारे मूल्यों और संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना होगा। महिलाओं की इज्जत करना, उनके सम्मान की रक्षा करना सीखना और सिखाना होगा। नहीं तो कानून के डर से अपराध कम हो जाएंगे, यह सोचना एक हद के बाद सही नहीं हो सकता।

मौसम के देवता

